आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ

● वर्ष- 16 अंक 232 ● कटनी ● रविवार, 25 सितम्बर, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● आश्विन कृष्ण पक्ष-अमावस्या ● विक्रम संवत् 2079 शके 1935



## पीएम मोदी को याद आई सर्जिकल स्ट्राइक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज च्मन की बातज में देशवासियों को संबोधित करते हुए यह ऐलान किया कि 28 सितंबर को भगत सिंह की जयंती के मौके पर चंडीगढ़ एयरपोर्ट का नाम बदला जाएगा। उन्होंने दीनदयाल उपाध्याय को भी जन्मदिन पर श्रद्धांजलि अर्पित की। मन की बात में पीएम मोदी ने कहा, च्मैं सिर्फ दो शब्द कहूंगा लेकिन मुझे पता है, आपका जोश चार गुना ज्यादा बढ़ जाएगा। ये दो शब्द हैं - सर्जिकल स्ट्राइक। हमारे देश में अमृत महोत्सव का जो अभियान चल रहा है उन्हें हम पूरे मनोयोग से सेलिब्रेट करें, अपनी खुशियों को सबके साथ साझा करें।ज्मोदी ने पिछले दिनों भारत में आए चीतों के जिक्र से शुरुआत की और कहा कि MyGov पर उनके नाम सुझाए जा सकते हैं। जलवायु परिवर्तन का जिक्र करते हुए उन्होंने देशवासियों से तटों को साफ रखने की अपील की। मन की बात का प्रसारण ऑल इंडिया रेडियो, दूरदर्शन के अलावा यूट्यूब व अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर हुआ। बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने केरल के एर्नाकुलम में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री मोदी के च्मन की बातज सुनी।पीएम मोदी ने कहा, इस समय देश में चारों ओर उत्सव की रौनक है। कल नवरात्रि का पहला दिन है। इसमें हम देवी के पहले स्वरूप 'मां शैलपुत्री' की उपासना करेंगे। यहां से नौ दिनों का नियम-संयम और उपवास, फिर विजयदशमी का पर्व भी होगा, यानि, एक तरह से देखें तो हम पाएंगे कि हमारे पर्वों में आस्था और आध्यात्मिकता के साथ-साथ कितना गहरा संदेश भी छिपा है।

## घर में घुसकर बदमाशों ने 10वीं के छात्र को मारी गोली

**रीवा, एजेंसी।।** मध्य प्रदेश के रीवा में अपना जन्मदिन मना रहे दसवीं के छात्र के घर में घुसकर चाकू से हमला करने के बाद गोली मारने का मामला सामने आया है। इस हमले में युवक बुरी तरह से घायल हो गया है। घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां पर उसका इलाज चल रहा है।

# गहलोत के बाद राजस्थान का पायलट तय नहीं, रेस में आगे चल रहे 4 नाम

### चौंकाने वाला हो सकता है फैसला



**जयपुर एजेंसी।** राजस्थान में की राजनीति का ऊंट किस करवट बैठेगा, इसको लेकर तमाम तरह की अटकलें जारी हैं। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के कांग्रेस अध्यक्ष बनने की प्रबल संभवानाओं के बीच लगभग यह तय हो चुका है कि जल्द उनका ठिकाना दिल्ली होगा। इधर, राजस्थान में मुख्यमंत्री की कुर्सी को लेकर आज बड़ा फैसला हो सकता है। विधायक दल की बैठक में नए नेता का चुनाव किया जा सकता है। 2018 से ही च्सब्रज्करके बैठे सचिन पायलट सबसे बड़े दावेदार माने जा रहे हैं। कांग्रेस आलाकमान खासकर राहुल और प्रियंका गांधी पायलट के पक्ष में बताए जा रहे हैं। हालांकि, गहलोत इसके लिए अभी तक तैयार नहीं है और राजनीति के जादूगर कहे जाने वाले वरिष्ठ नेता अपने दांव से चौंका सकते हैं।

2020 में बगावत के लिए अब तक पायलट को माफ नहीं कर पाए गहलोत राजस्थान पर अपनी पकड़ बरकरार रखना चाहते हैं। राजनीतिक जानकारों की मानें तो राहुल गांधी की ओर से च्एक व्यक्ति एक पदज्का संकल्प याद दिलाए जाने के बावजूद गहलोत एक और कोशिश करेंगे कि अध्यक्ष बनने के बाद भी राजस्थान में सीएम की कुर्सी अपने पास रखें। वह समर्थक विधायकों के जरिए विधायक दल की बैठक में अपने लिए आवाज उठवा सकते हैं। वह आलाकमान को संदेश दे सकते हैं कि उनके हटने से राजनीतिक अस्थिरता का माहौल बनेगा और अगले साल होने जा रहे हे चुनाव में भाजपा इसका फायदा उठा सकती है।

गहलोत के मुख्यमंत्री बने रहने की कोशिश और सचिन पायलट के उत्तराधिकारी की रेस में सबसे आगे होने के अलावा कुछ और चेहरों पर भी चर्चा चल रही है। पायलट के अलावा विधानसभा अध्यक्ष सीपी जोशी भी प्रबल दावेदार माने जा रहे हैं। 2008 के चुनाव में महज एक वोट से हार की वजह से मुख्यमंत्री बनते बनते रह गए सीपी जोशी को गहलोत का भी समर्थन प्राप्त है। ब्राह्मणों की कथित नाराजगी दूर करने को लेकर पार्टी उन्हें आगे कर सकती है। सीपी जोशी 4 बार केंद्रीय मंत्री रह चुके हैं। उन्हें राहुल गांधी का विश्वास भी हासिल है। जोशी ने सियासी संकट के समय गहलोत की सरकार बचाने में अहम भूमिका निफाई थी। इसके अलावा गहलोत के बेटे वैभव को आरसीए पर काबिज होने में भी मदद की थी। हालांकि, पिछले कुछ सालों में सीपी की कम हुई सक्रियता उनके खिलाफ जाती है। आचार्य प्रमोद ने खुलकर की सचिन पायलट को ष्टरू बनाने की मांग, बोले- पायलट को इंसाफ मिलना चाहिएसीपी जोशी के अलावा बीडी कल्ला का भी नाम चर्चा में है, जो ब्राह्मणों के जानेमाने नेता हैं।



## अंकिता भंडारी की मौत पानी में डूबने से हुई

**ऋ षिकेश एजेंसी।** उत्तराखंड के अंकिता भंडारी मर्डर केस में पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट सामने आई है। जिसमें खुलासा हुआ है कि अंकिता की मौत पानी में दम घुटने से हुई। साथ में यह भी पता चला है कि पानी में धक्का देने से पहले उसे पीटा गया था। उसे किसी मोटी चीज से मारा गया था। पोस्टमार्टम की शुरुआती रिपोर्ट में शरीर पर चोट के निशान मिले हैं। हालांकि, इस रिपोर्ट में सेक्शुअल एब्यूज या रेप के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है।अंकिता की हत्या के आरोप में तीन आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके हैं। अंकिता का शव शनिवार सुबह बरामद हुआ था। हत्या का आरोप राज्य के पूर्व मंत्री विनोद आर्य के बेटे पुलकित पर है। 19 साल की अंकिता उसके रिसॉर्ट में रिसेप्शनिस्ट थी। प्रशासन ने शुक्रवार रात को पुलकित के रिसॉर्ट को बुलडोजर चलाकर ढहा दिया। शनिवार को गुस्साए लोगों ने उसमें आग लगा दी।

**पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में चोट के निशान का जिक्र, रेप का नहीं ; परिजनों ने अंतिम संस्कार रोका**

भाजपा ने आरोपी के पिता को पार्टी से निकाला, भाई का पद छीना इस घटना के बाद भाजपा ने शनिवार को पुलकित के पिता विनोद आर्य को पार्टी से निकाल दिया। वे भाजपा नेता और उत्तराखंड सरकार में मंत्री रह चुके हैं।

## माली, कुक, ड्राइवर को निदेशक बनाकर करोड़ों रुपये का हेरफेर




**कोलकाता, एजेंसी।** शिक्षक भर्ती घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय अब तक आरोपियों की 103.10 करोड़ की संपत्ति को अस्थायी रूप से कुर्क कर चुकी है। इस घोटाले में बंगाल के तत्कालीन शिक्षा मंत्री से लेकर कुलपति से लेकर रसोइयों तक की संलिप्तता सामने आ चुकी है। सत्ता में बैड़े कई नेताओं के भी नाम इससे जुड़ चुके हैं जो पर्दे के पीछे से खेल को नियंत्रित कर रहे थे। तृणमूल कांग्रेस (TMC) के पूर्व मंत्री पार्थ चटर्जी, उनकी करीबी अर्पिता मुखर्जी, तृणमूल विधायक माणिक भट्टाचार्य और यहां तक कि शिक्षक नियुक्ति पैनल के सदस्यों और शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों जैसे कई लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

## ट्रक में जानवरों की तरह ले जा रहे थे छात्रों को कई बेहोश

**गोंदिया, एजेंसी।** महाराष्ट्र के गोंदिया जिले से एक शर्मनाक घटना सामने आई है। गोंदिया के सरकारी आदिवासी आश्रम स्कूल के 120 छात्रों को एक ट्रक में जानवरों की तरह भरकर ले जाया गया। नतीजा ये हुआ कि 120 बच्चों में से कई दम घुटने से बेहोश हो गए हैं। इन्हें एकोदी के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।इन छात्रों को कोयलरी आश्रम स्कूल में खेलने के लिए ट्रक में ले गए थे। कोयलरी से लौटते समय ही छात्र बेहोश हो गए थे।कुछ दिन पहले यूपी के सहारनपुर में खेल अधिकारियों की बड़ी लापरवाही सामने आई थी। सहारनपुर के भीमराव स्टेडियम में 300 महिला कबड्डी प्लेयर्स सब-जूनियर चैंपियनशिप में हिस्सा लेने पहुंचीं थीं। इनके लिए स्वीमिंग पूल में लंच बनाया गया और उसे टॉयलेट में रख दिया गया। इस घटना का वीडियो सामने आने के बाद खेल अधिकारी को सस्पेंड कर दिया गया है।



## आज सोनिया गांधी से मिलेंगे लालू-नीतीश

**नई दिल्ली, ईएमएस।** साल 2024 के आम चुनावों से पहले विपक्षी दल एकजुट होने की कोशिश में जुटे हैं। बड़ी खबर यह है कि आज दिल्ली में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और आरजेडी प्रमुख लालू यादव की कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी से मुलाकात होगी। इस मुलाकात को बहुत अहम माना जा रहा है। दरअसल, विपक्षी दलों का एक धड़ा ऐसा है जो कांग्रेस को तवज्जो नहीं दे रहा है। वहीं भाजपा से अलग होने के बाद नीतीश कुमार ने विपक्षी दलों का एकजुट करने का जिम्मा उठाया है और वे सभी से मिल रहे हैं। नीतीश ने कहा था कि वे सोनिया गांधी से भी मिलेंगे। आज यह होने जा रहा है। पांच साल से अधिक समय के बाद यह पहला मौका है जब तीनों नेता एक साथ नजर आएंगे। फतेहाहाद में आईएनएलडी की रैली में हिस्से लेने के लिए नीतीश कुमार और लालू यादव दिल्ली आए हैं। इसी दौरान सोनिया गांधी से मिलेंगे।हरियाणा में विपक्षी दलों की बड़ी रैली होने जा रही है। इसमें एनसीपी प्रमुख शरद पवार, शिवसेना के उद्धव ठाकरे और डीएमके की कनिमोझी, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और नेकां नेता फारूक अब्दुल्ला हिस्सा लेंगे। हरियाणा के फतेहाबाद में इनेलो ने इस रैली का आयोजन किया है। दूसरी ओर राजद नेता और बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव, सीपीएम के सीताराम येचुरी और भाजपा के बीरेंद्र सिंह भी पूर्व उप प्रधान मंत्री और इनेलो के संस्थापक देवी लाल की जयंती के अवसर पर रैली में शामिल होंगे। इस मौके पर इनेलो (ढ्ढहृरुष्ठ) नेता और हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री ओम प्रकाश चौटाला ने जनसभा में भाग लेने के लिए पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव और टीडीपी के चंद्रबाबू नायडू सहित कई अन्य क्षेत्रीय दिग्गजों को भी निमंत्रण भेजा है। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव को भी न्योता दिया गया है।

**INLD की रैली में भी जुटेंगे विपक्षी नेता**

## आंतकी संगठनों का सॉफ्ट टारगेट बना मध्य प्रदेश !

## PFI के सदस्यों से पूछताछ में हुआ खुलासा, आतंकी हमले के थे आसार




**भोपाल, ईएमएस।** मध्य प्रदेश में NIA द्वारा PFI के ठिकानों पर छापेमारी और गिरफ्तारी के बाद आरोपियों से पूछताछ में कई खुलासे हो रहे हैं। एनआईए ने अनुसार मध्य प्रदेश आतंकियों के निशाने पर था। साथ ही एमपी आतंकी संगठनों का सॉफ्ट टारगेट बन गया था। यहां सिमी, जेएमबी, सूफा, आईएस समेत कई आतंकी संगठन सक्रिय हो रहें हैं। दरअसल प्रदेश में पीएफआई के देश विरोधी गतिविधियों में शामिल होने के पक्के सबूत के बाद इंदौर और उज्जैन में रेड की कार्रवाई की गई थी। कार्रवाई में संगठन के मुखिया समेत चार लोग गिरफ्तार किए गए हैं। सूत्रों की माने तो प्रदेश में पीएफआई के 6 हजार सदस्य सक्रिय है। और इंदौर, उज्जैन समेत मालवा में 2500 सदस्य एक्टिव है। जानकारी के अनुसार पीएफआई का गरीब लोगों और आदिवासी पर फोकस था। मॉर्निंग वॉक ग्रुप बनाकर युवाओं का ब्रेनवाश करते थे। साथ ही कट्टरपंथी विचारधारा का प्रचार कर युवाओं को देश के खिलाफ बरगलाने का काम कर रहे थे। इंदौर और उज्जैन से गिरफ्तार चार पीएफआई से पूछताछ की जा रही है। बता दें कि इंदौर और उज्जैन में एनआईए ने छापेमारी कर टेरर फंडिंग मामले में क्क्नढ्ढ के 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया। जिन्हें शुक्रवार को चिकित्सकीय परीक्षण कर कोर्ट में पेश किया गया। जिसके बाद विशेष अदालत से एनआईए को आरोपियों की 7 दिन की रिमांड मिली है। मतलब अब 30 सितंबर तक चारों आरोपियों को रिमांड पर ले लिया गया है।

## पुलवामा में आतंकियों ने दो बिहारी मजदूरों को गोली मारी

**श्रीनगर , एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर के पुलवामा के खरभातपोरा रत्नीपोरा गांव में आतंकियों ने शनिवार को 2 मजदूरों को गोली मार दी। दोनों बिहार के बेतिया जिले के रहने वाले हैं। मजदूरों की पहचान शमशाद अहमद और फैजान कादरी के रूप में हुई है। दोनों की हालत स्थिर बताई जा रही है। उन्हें पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस घटना के बाद सुरक्षाबलों ने इलाके में घेराबंदी कर सर्च ऑपरेशन शुरू किया है। इससे पहले जम्मू-कश्मीर में 11 अगस्त को टारगेट किलिंग की वारदात सामने आई थी। जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले के सदुनारा गांव में आतंकियों ने एक मजदूर की गोली मार कर हत्या कर दी थी। मजदूर बिहार के मधेपुरा जिला का रहने वाला था। उसकी पहचान मोहम्मद अमरेज (19 साल) के रूप हुई थी। जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले के सदुनारा गांव में आतंकियों ने शुक्रवार तड़के एक मजदूर की गोली मार कर हत्या कर दी है। मजदूर बिहार के मधेपुरा जिला का रहने वाला था। इसकी पहचान मोहम्मद अमरेज (19 साल) के रूप हुई है।

## शहडोल जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में बिजली शार्ट सर्किट से भड़की आग

**शहडोल,यशभारत** । जिला अस्पताल के ब्लड बैंक के एक कमरे में शॉर्ट सर्किट से आग भड़क उठी। आग से कोई नुकसान नहीं हुआ है, लेकिन यदि समय पर कर्मचारी कंट्रोल नहीं कर पाते तो बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। जानकारी के अनुसार जिस कमरे में लोगों से रक्त लेने की प्रक्रिया की जाती है। उसी कमरे में आग भड़की है। वहां लगे एसी के पास से बिजली का शॉर्ट सर्किट हुआ, जिससे आग लगी और धुंआ निकलने लगा था। ब्लड बैंक आग बुझाने के उपकरण रखे थे, लेकिन वहां ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों को जानकारी न होने के कारण आग बुझाने में देरी हुई और मशक्कत करनी पड़ी। जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉक्टर जी एस परिहार ने बताया कि शनिवार की देर रात ब्लड बैंक के कमरे में शार्ट सर्किट से आग लगी थी और धुआं निकलने लगा था जिस पर जल्द ही काबू पा लिया गया। कोई नुकसान नहीं हुआ है। वहां लगे एसी के कुछ तार जले हैं जिसे ठीक करा लिया जाएगा। आग बुझाने के उपकरण सिलेंडर ब्लड बैंक में रखे हुए हैं। हमने उसकी अभी ऑडिट भी कराई है और सिलेंडर रिफिल करके रखे हुए हैं। जो कर्मचारी ड्यूटी पर थे, उन्हें हो सकता जानकारी नहीं थी, इसलिए वे परेशान हो गए। हमने कर्मचारियों को हिदायत दी है कि जहां वह ड्यूटी करते हैं वहां के सुरक्षा उपकरणों सहित अन्य पूरी जानकारी रखें। सिविल सर्जन ने बताया कि वहां ड्यूटी पर तक निशान तैनात थे और उन्हें जैसे ही जानकारी लगी कि आग लग गई है तो तत्काल काबू पा लिया है।



**बड़ा हादसा टला**

## रूसी सैनिकों ने 4 से 82 साल तक महिलाओं संग की यौन हिंसा

**कीव एजेंसी।** यूक्रेन में रूस की ओर से किए गए अपराधों की जांच को लेकर गठित आयोग ने रूसी सेना पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि यूक्रेन में रूसी सैनिकों ने आम नागरिकों पर भीषण अत्याचार किए। संयुक्त राष्ट्र ने इस साल मार्च में अधिकारों के हनन की जांच के लिए अंतरराष्ट्रीय जांच आयोग बनाया था। जांच रिपोर्ट में कहा गया है कि रूसी सैनिकों ने आबादी वाले इलाकों पर बमबारी की। साथ ही फांसी, यातना और भीषण यौन हिंसा की घटनाओं को अंजाम दिया। संयुक्त राष्ट्र की तीन स्वतंत्र विशेषज्ञों की टीम ने संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद को रिपोर्ट सौंपी है। आयोग ने उन जगहों का दौरा किया, जहां लोगों को गिरफ्तार कर रखा गया था। कब्र और अन्य स्थानों पर जाकर आयोग की टीम ने पूछताछ की। टीम ने 27 कस्बों और बस्तियों के साथ-साथ कब्रों और हिरासत व यातना केंद्रों का दौरा किया। करीब 150 से अधिक पीड़ितों और गवाहों का साक्षात्कार लिया। साथ ही उन्होंने वकील समूहों और सरकारी अधिकारियों से मुलाकात की। रूसी सैनिकों ने 4 साल से 82 साल की महिलाओं के साथ यौन हिंसा की। रिश्तेदारों के सामने सैनिकों ने यह अत्याचार किया। यूएन की रिपोर्ट में बताया गया है कि आयोग ने बच्चों का बलात्कार और यातनाओं के मामलों की जानकारी इकट्ठा की है। गवाहों ने कैद में पिटाई, बिजली के झटके और जबरन नग्न करने जैसी यातना के बारे में बताया है।

**कैद में पिटाई, बिजली के झटके देने जैसी यातनाएं**

### गोवंश में तेजी से बढ़ रहा लंपी वायरस संक्रमण

## 36 लाख से ज्यादा गोवंशी पशुओं को लगना है टीका

**भोपाल ,यशभारत।** गोवंश में लंपी वायरस संक्रमण रोग के मामले बढ़ते जा रहे हैं। 26 जिलों में 9955 मामले सामने आ चुके हैं, जबकि एक दिन पहले प्रभावित पशुओं की संख्या 8600 थी। इस तरह एक दिन में एक हजार 355 मामले बढ़ गए हैं। अब तक 128 पशुओं की मौत हो चुकी है। रोग को फैलने से रोकने के लिए कम से कम 20 प्रतिशत पशुओं (गोटपाक्स) का टीकाकरण करना आवश्यक है, ताकि उनमें रोग से लड़ने की प्रतिरोधक क्षमता विकसित हो सके। इस लिहाज से कम से कम 36 लाख डोज की जरूरत है, अब तक दो लाख 86 हजार पशुओं का टीकाकरण किया जा चुका है। इंदौर, उज्जैन, भोपाल और ग्वालियर संभाग के बाद अब जबलपुर में लंपी बीमारी के दो संदिग्ध पशु मिले हैं। इनमें एक सीहोरा और दूसरा बरेला में है। दोनों के रक्त और स्वाब के सैंपल लेकर जांच के लिए भोपाल स्थित उच्च सुरक्षा पशु रोग अनुसंधान प्रयोगशाला भेजे गए हैं। पशु चिकित्सा विभाग के अपर मुख्य सचिव जेएन कंसोटिया ने बताया कि जहां संक्रमित पशु मिल रहे हैं वहां पांच किमी के दायरे में सभी गोवंशी पशुओं को और बाकी जगह 20 प्रतिशत को टीका लगाने का लक्ष्य है। वहीं गोपालन एवं पशुधन संवर्धन बोर्ड के अध्यक्ष स्वामी अखिलेश्वरानंद गिरी ने बताया कि अभी टीकाकरण को लेकर ज्यादा ध्यान गोशालाओं पर दिया जा रहा है, क्योंकि गोशालाओं में बीमारी फैली तो वहां के सभी गोवंशी पशु प्रभावित हो जाएंगे। टीका खरीदने के लिए राशि भारत सरकार से मिल रही है, लेकिन खरीदी पशु चिकित्सा संचालनालय द्वारा की जा रही है। इसके अलावा जिले में पशुपालक समितियों को भी टीका खरीदने के लिए कहा गया है। टीका एक डोज लगाया जाता है जो एक साल के लिए प्रभावी होता है।



## म्यांमार में जॉब स्कैम में फंसे सैकड़ों युवा, दी जा रहीं यातनाए

**नई दिल्ली,एजेंसी।** नौकरी की तलाश में युवा भारत के एक राज्य से दूसरे राज्य में भटकते हैं लेकिन थाईलैंड में काम की तलाश में गए युवा ऐसी जगह फंस गए हैं, जहां का मंजर दिल दहलाने वाला है। गाजियाबाद के आशीष, चेन्नई के मधुसूदन और मुंबई के सुकुमार तीनों सोशल मीडिया पर नौकरी का ऑफर पाकर रवाना तो थाईलैंड के लिए हुए लेकिन उन्हें धोखे से म्यांमार पहुंचा दिया गया। वहां जब उनसे ऑनलाइन फ्रॉड (ऑनलाइन ठगी) का काम करने को कहा गया तो वे सिहर उठे। आशीष खुश किस्मत थे कि फिरौती देकर किसी तरह छूट गए, माधवन और सुकुमार अब भी यातनाएं झेल रहे हैं। आशीष ने बताया, जुलाई में फेसबुक पर थाईलैंड में एक जॉब का ऑफर देखा और पोस्ट पर कमेंट करके नौकरी में रुचि दिखाई। कंपनी ने एयर टिकट भेजा और 22 जुलाई, 2022 को आशीष ने दिल्ली से बैंकॉक की फ्लाइट पकड़ ली। बैंकॉक से कार के जरिये धोखे से मोई नदी पार कराकर म्यांमार के म्यावाड़ी गांव में पहुंचा दिया गया, जहां एक भवन परिसर में रखा गया। वहां पर ऑनलाइन फ्रॉड करने की 15 घंटे काम की शिफ्ट दी गई। जब आशीष ने मना किया तो टॉर्चर किया जाने लगा। घरवालों ने 3 लाख 60 हजार रुपये की फिरौती देकर उसे छुड़ाया। यही हाल चेन्नई निवासी मधुसूदन (बदला हुआ नाम) का भी है।

**चंगुल से छूटे आशीष ने सुनाई आपबीती**

शुभांक -2-3-8

# आज पूर्वजों का प्रस्थान, कल मां जगतजननी का आगमन

## सर्वपितृ अमावस्या पर किया गया तर्पण, कल बैठकी से नवरात्र की धूम



**कटनी, यशभारत।** आश्विन मास की अमावस्या को पितृ पक्ष में श्राद्ध करने का अंतिम दिन था। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार सर्वपितृ अमावस्या के दिन अनिवार्य रूप से पितरों का श्राद्ध, तर्पण और पिंडदान करने की मान्यता है. सर्वपितृपक्ष अमावस्या को विसर्जनी या महालया अमावस्या भी कहा जाता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, 16 दिन से धरती पर आए हुए पितर इस अमावस्या के दिन अपने पितृलोक में पुन: चले जाते हैं। शहर में आज इस दिन घरों नदी तालाब के घाट आदि पर सर्व पितृ विसर्जन किया गया। शहर की नदियों में इस बार पानी भी था लिहाजा तर्पण करने वालों को परेशानी नहीं हुई। पवित्र नदी में स्नान कर तर्पण, पिंडदान, श्राद्ध कर कर पितरों को सम्मानपूर्वक विदाई दी गई आज महालया अमावस्या की तिथि का विशेष महत्व रहता है।

### सर्व पितृ आमवस्या 2022

अमावस्या तिथि की शुरूआत: आज प्रात: 03.12 से अमावस्या तिथि की समाप्ति: कल प्रात: 03.23 तक रहेगी इस दौरान तर्पण किया जा सकता है।

### महालया अमावस्या महत्व

पितृ पक्ष का आखिरी दिन महालया अमावस्या होता है. इस दिन पितरों को दूध, तिल, कुशा, पुष्प मिश्रित जल से तर्पण किया जाता है। पूर्वजों के नाम से उनकी पसंद का भोजन बनाकर कौए, गाय, कुत्ते को दिया जाता है. इसके साथ ही ब्राह्मणों को भोजन कराया जाता है। सर्वपितृ अमावस्या के दिन पीपल का पेड़ लगाने की प्रथा है। मान्यता है कि ऐसा करने से पितृ दोष से मुक्ति मिलती है और हम पूरे वर्ष खुशहाल रहते हैं। इस दिन गरीब ब्राह्मण को जरुरत की चीजें दान करने की करना चाहिए मान्यता है कि पितृपक्ष के दौरान कराया गया भोजन सीधे हमारे पितरों को मिलता है। पितृ विसर्जन के दिन पितरों की विदाई की जाती है. ऐसे में इस दिन आप पितरों का मनपसंद भोजन बनाकर ब्राह्मणों को भोजन कराएं।

### कल से 9 दिनी उत्साह का पर्व

शारदीय नवरात्र की शुरुआत 26 सितंबर से होगी। आश्विन शुक्ल की प्रतिपदा तिथि को कलश स्थापना के साथ मां दुर्गा के पहले स्वरूप मां शैलपुत्री की पूजा-अर्चना की जाएगी। नवरात्र में पंचमी तिथि यानी 30 सितंबर को पूजा पंडाल में मां दुर्गा विराजेंगी। उदय कालिक प्रतिपदा 26 सितंबर सोमवार को है। इस बार प्रतिपदा में दिनभर कलश स्थापना का शुभ मुहूर्त है। अभिजीत मुहूर्त का समय सुबह 11.36 से 12.24 तक रहेगा। शुभ चौघड़िया मुहूर्त सुबह छह बजे से 7.30 बजे, सुबह नौ बजे से 10.30 बजे और दोपहर 1.30 बजे से शाम छह बजे तक है। पूर्वांचली के अनुसार माता के हाथी पर आगमन देश के लिए सामान्य फलदायक और वर्षा कारक होगा। अष्टमी की महानिशा पूजन दो अक्तूबर, महा अष्टमी व्रत पूजा तीन अक्तूबर और महानवमी चार को है। नवरात्र का पारण पांच अक्तूबर को होगा। कटनी में इस बार नवरात्रि पर विशेष उत्साह देखा जा रहा है।



## रामलीला राम ने भंग किया धनुष,सीता ने पहनाई वरमाला




**कटनी, यशभारत।** रावण धनुष भंग करने के लिए जनक के दरबार पहुंचता है, किन्तु रात्रि में ही धनुष को उठाने की नाकाम कोशिश कर जान लेता है कि कि स्वयंबर में उसका रहना ठीक नहीं। रावण का बाणासुर से तीक्ष्ण संवाद होता है। उधर सभी योद्धा शिव के धनुष को हिला पाने में भी असमर्थ होते हैं जिसके बाद राजा जनक के मन में शंका उठती है कि धनुष भंग नहीं होने पर सीता का विवाह नहीं हो पायेगा। राजा जनक के वचन से क्रोधित लक्ष्मण कुमार ललकारते हैं। श्री राम उन्हें शांत कराते हैं इस बीच मुनि विश्वामित्र शुभ समय जान कर भगवान राम को धनुष भंग करने का आदेश देते हैं गुरू की आज्ञा मिलते ही श्री राम शिव के धनुष को खिलौने की भांति उठाकर भंग कर देते हैं। जनकपुरी का यह उत्साहिक क्षण सुंदर शीश महल में कल गोलबाजार में महाकोशल की प्रसिद्ध श्री हनुमान विजय रामलीला के कलाकारों ने मंचन कर सभी को धनुष यज्ञ की सुंदर लीला का रसास्वादन कराया। धनुष टूटते ही जोरदार आतिशबाजी के बीच गगनचुंबी जय श्री राम के नारों से पूरा पंडाल गुंजायमान हो गया। यहां आज लक्ष्मण परसुराम संवाद होगा। कमेटी के भरत अग्रवाल, अध्यक्ष रणवीर कर्ण ,उपाध्यक्ष रवि खरे, आशूतोष शुक्ला ,संतोष अग्रवाल ,शरद अग्रवाल, सचिन तिवारी, सिब्बू साहू, कामेन्द्र सिंह ,राजेन्द्र सोधिंया,राकेश अग्रवाल, अखिल पाण्डे, मनीष दुबे, अवधेश उरमलिया, अम्बू वर्मा, सजंय गिरि, रामजी यादव, बेबू चौदहा, अंतिम गुप्ता, विजय ठाकुर, नीरज अग्रवाल, धमेद्र तिवारी, श्री कान्त गर्ग, श्यामू सोनी, प्रशान्त अग्रवाल ,मौजूद रहे।

### घंटाघर में आज परसुराम संवाद

दो साल बात रामलीला के जरिये भगवान राम के आदर्शों को जन जन तक पहुंचाने की इस श्रंखला में घंटाघर रामलीला कमेटी पूरे मनोयोग से लगी है। शारदा रामलीला मंडली के कलाकारों के द्वारा यहां प्रतिदिन प्रसंगों का सुंदर मंचन किया जा रहा है। कल घंटाघर में धनुष यज्ञ की लीला के बाद आज यहां लक्ष्मण परसुराम संवाद का सुंदर मंचन किया जाएगा कमेटी की ओर से सभी धर्मप्रमियों से उपस्थिति की अपील की गई है।

## अब बारिश की संभावना कम



**कटनी, यशभारत।** कटनी में दो दिन पहले तक बारिश का जो सिलसिला जारी था अब वह चला गया है। आज से बारिश की संभावना कम है लेकिन कभी कभी बारिश की फुहार आती रहेगी। बता दें कि बीते एक सप्ताह के दौरान एक कटनी में मूसलाधार बारिश हुई। बीते बुधवार को दिन भर बादल छाए रहे और कभी रुक-रुक कर रिमझिम तो कहीं तेज बारिश हुई। बारिश होने से मौसम में ठंडक आ गई है, लोगों ने गर्मी से राहत की सांस ली है। तेज बारिश के कारण कुछ स्थानों में जलभराव की स्थिति भी बनी। गायत्री नगर पुलिया और सागर पुलिया में भी जलभराव की स्थिति रही। बारिश के कारण जिला अस्पताल परिसर में भी पानी भर गया था। जिससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। बारिश के मौसम के शुरुआत में जिले में बरसात नहीं हुई थी। जिसके कारण जिले में सूखे जैसे हालत बने हुए थे। वॉटर लेबल नीचे जाने से शहर में पानी के लिए हाहाकार मच गया था। नगर टैंकरों के माध्यम से जल संकट से परेशान हो रहे क्षेत्रों में पानी की सप्लाई कर रहा था। लेकिन अगस्त के अंतिम सप्ताह और सितंबर में अब तक अच्छी बारिश हुई। यही वजह है वॉटर लेबल भी बढ़ गया है। साथ ही पिछले साल की तुलना में अधिक बारिश भी हुई है। कटाएघाट स्थित बैराज भी पानी से लबालब हो गया है, इसके अलावा नदियों और डेम भी पिछले साल की तुलना में अधिक पानी है

# भोपाल, नागपुर से लेकर विदेशों तक चमक, जिले में उपेक्षा

## जबलपुर, भोपाल, नागपुर, कोलकाता के पुरातत्व संग्रहालय में सहेजकर रखा गया कटनी की धरोहर को

**कटनी, यशभारत।** कहावत है घर के देवता .... इसके बाद आप सभी जानते हैं कुछ इसी तरह की कहावत कटनी में यहां की पुरातात्विक धरोहरों के लिए लागू होती है। कटनी जिले में जिस ऐतिहासिक परम वैभक की स्मृतियां अक्सर मिलती रहती हैं और जो बीते वर्षों में मिली वह कटनी से दूर विदेशों तक संग्रहालयों की शोभा बढ़ा रही है लेकिन कटनी जिले में एक अदद संग्रहालय नहीं होने से यहां के लोगों को कटनी के इस वैभवशाली इतिहास की जानकारी तक नहीं है। भोपाल, नागपुर से लेकर विदेशों तक चमक और कटनी में उदासीनता इतिहास को समझने वालों के लिए असहनीय है। जिले के पुरातन वैभव की चमक जबलपुर, भोपाल, नागपुर से लेकर विदेशों तक में है। जानकारों के अनुसार जिले में खुदाई में मिलीं कई प्राचीन प्रतिमाओं को जबलपुर, भोपाल, नागपुर, कोलकाता के पुरातत्व संग्रहालय में सहेजकर रखा गया है। रायपुर के पुरातत्व संग्रहालय की तो शोभा ही कटनी की प्राचीन धरोहरें बढ़ा रही है। छत्तीसगढ़ के इस पुरातत्व संग्रहालय में आधी से ज्यादा प्राचीन प्रतिमाएं कटनी जिले से ले जाकर रखी गई है। जिले की बेशकीमती विरासत का हिस्सा रही बेजोड़ वास्तुशिल्प वाली कुछ दुर्लभ प्रतिमाएं विदेशों तक में चमक बिखेर रही है।







### 10वीं और 11वीं सदी की कलाकृतियां हैं

कटनी जिले में कलचुरी काल के दौरान के कई अनूठे कलाशिल्प के अवशेष मौजूद हैं। 10वीं और 11वीं सदी की कई दुर्लभ प्रतिमाएं बिलहरी में खुदाई के दौरान भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण को मिली हैं। कारीतलाई में 493 ईस्वी के पुरा अवशेष हैं। बड़गांव और तिगवां में भी अति प्राचीन संपदा के अवशेषों का खजाना है। प्राचीन विरासत की झलक के निशान उमरियापान में भी मिलते हैं। बहोरीबंद के नजदीक रूपनाथ धाम में 232 ईसा पूर्व लिखे गए सम्राट अशोक के संदेश वाला शिलालेख हैं। इन्हें संरक्षित और सुरक्षित करने की जिम्मेदारों की लापरवाही प्राचीन विरासतों को संवारने में बाधा बनी हुई है।

### सहेजने की कवायद में भी सुस्ती


जिले की प्रचुर पुरातन संपदा को सहेजने में जिम्मेदार का रवैया सुस्त है। संभागायुक्त से लेकर एएसआई की मंशा प्राचीन प्रतिमाओं को एक जगह संरक्षित करके रखने के लिए संग्रहालय बनाने की है। इसके लिए बिलहरी क्षेत्र में तहसीलदार को जमीन चिन्हित करने के लिए कहा गया है। लेकिन संभागायुक्त की मंशा के निर्देश के बावजूद संबधित तहसीलदार और अन्य अधिकारी संग्रहालय से संबधित कामकाज को लेकर ढुलमुल रवैया बनाए हुए है। इससे पुरातत्व महत्व की संपदाओं को संरक्षित करके प्रदर्शित करने और पर्यटन सुविधा को विस्तार की कवायद ढीली पड़ गई है।

## अभाविप का सेल्फी विथ यूनिट अभियान, स्कूलों में बनाई कार्यकारिणी



**कटनी, यशभारत।** आज अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई कटनी द्वारा नोबल हार्ट, सरस्वती स्कूल एवं सेंट पॉल स्कूल में सेल्फी विथ कैंपस के माध्यम से 10+2 क्लास की यूनिट बनाई गई जिला सह संयोजक सीमान्त दुबे ने बताया की जिस प्रकार से देश को आज़ाद हुए 75 वर्ष हो चुके हैं उसी दिशा में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कटनी ने यह लक्ष्य लिया है कि हम प्रत्येक इकाई, विद्यालय एवं महाविद्यालयों में अपनी कार्यकारिणी का गठन करेंगे जिसमे मुख्य रूप से आयुष अवस्थी, हार्दिक द्विवेदी, अवध पांडेय आदि कार्यकर्तओं की उपस्थिति रही।

## नीलिमा ❤ से नव रूप की सौगात



रूप शक्ति का रूप भक्ति का लेकर, सिंह पर सवार माँ जगदम्बा आयीं हैं
देने खुशियां अपार माँ नव रूपों की सौगात लेकर आयीं हैं


सृष्टि संवारिणी भाग्य प्रदायिनी सुखदात्री शैलपुत्री माँ प्रथम रूप में आयीं हैं
तप त्याग संयम सदाचार की भावना जगाने माँ ब्रह्मचारिणी आयीं हैं


वीरता निर्भयता सौम्यता के रूप में माँ चंद्रघंटा विराजी हैं
आयु यश आरोग्य देने चतुर्थ रूप में माँ कुष्मांडा आयीं हैं

मोक्ष का द्वार खोलने पंचम रूप में सुखदायी माँ स्कन्दमाता आयीं हैं
शक्ति का संचार देने माँ कात्यायनी अद्भुत रूप ले आयीं हैं

जीवन से क्लेश संकट हरने शुभ दायिनी माँ कालरात्रि दर्शन देने आयीं हैं
दुखहरनी सुखकरनी अष्टम रूप में श्वेतवर्ण श्वेत वस्त्र धारण कर महागौरी आयीं हैं


सर्वकामना पूरी करने कल्याण कारी माँ सिद्धिदात्री नवम रूप में आयीं हैं
हर रूप में छटा निराली लेकर माँ भक्तों को सुख समृद्धि का आशीष देने आयीं हैं !!!






- नीलिमा पाठक सामंतरे

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 2 शो ता. 23 से
दोपहर 12.30 एवं सायं 6.30 बजे से




ब्रह्मास्त्र
कलाकार- अमिताभ बच्चन, आलिया भट्ट, रणवीर कपूर, मौनी राय आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 2 शो ता. 23 से
सायं 4 एवं रात्रि 10.00 बजे से




सीता रमम
कलाकार- दलकर सलमान, मृणाल ठाकुर, रश्मिका मंदाना, सुमंत आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 4 शो ता. 23 से
दोपहर 1, 3.30, 7 एवं रात्रि 9.30 बजे से




चुप
कलाकार- सनी देओल, दलकर सलमान, श्रेया धनवंतनी, पूजा भट्ट आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

यश भारत

# सिटी न्यूज

कटनी, रविवार, 25 सितंबर 2022

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT-Epaper

# अपने गांव में संचालित शालाओं एवं आंगनबाड़ियों को बेहतर बनाने सहयोग करें ग्रामीण

## रीठी के बड़गांव में कलेक्टर ने जनभागीदारी से विकास कार्यों पर दिया जोर

**कटनी,यशभारत।** अपने गांव में संचालित स्कूल एवं आंगनबाड़ी केन्द्र का स्थानीय जन भी निरीक्षण करें। वहां पर उपलब्ध सुविधाओं को देखें और जनभागीदारी के माध्यम से केन्द्र व स्कूल में और क्या बेहतर हो सकता है, उसकी व्यवस्था कराएं। स्वयं जिम्मेदारी लें, ताकि आपके यहां के स्कूल व आंगनबाड़ी केन्द्र बेहतर हो सकें। यह बात कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान के अंतर्गत रीठी विकासखंड की ग्राम पंचायत बड़ागांव में आयोजित शिविर के निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों से संवाद करते हुए कही। कलेक्टर श्री मिश्रा ने शिविर में ग्रामीणों को दी जा रही जानकारी व विभिन्न योजनाओं का लाभ पात्र छूटे हुए हितग्राहियों को देने कराए गए सर्वे के संबंध में सचिव व ग्राम रोजगार सहायक से जानकारी ली। साथ ही कहा कि ग्रामीणों को सारी योजनाओं की जानकारी दें और अधिक से अधिक लोगों को पथकर योजना व उद्यम क्रांति योजना के माध्यम से स्वरोजगार से जुड़ने के लिए प्रेरित करें। शिविर में बिलहरी में ऑनलाइन केन्द्रों द्वारा निर्धारण से अधिक राशि लेने की शिकायत पर कलेक्टर श्री मिश्रा ने नायब तहसीलदार बिलहरी को जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही ग्रामीणों से कहा कि किसी भी तरह के शासकीय कार्य के लिए लोक सेवा केन्द्र जाएं और निर्धारित राशि का भुगतान कर योजनाओं का लाभ लें। गांव की पेयजल व्यवस्था को बेहतर बनाने ग्रामीणों के साथ चर्चा कर ग्राम पंचायत को आवश्यक व्यवस्थाएं कराने के भी निर्देश कलेक्टर ने दिए। इसके अलावा ग्राम पंचायत भवन के नजदीक के तालाब का निरीक्षण कर जलस्त्रोत का जीर्णोद्धार कराने प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिए।



### शासकीय स्कूल का भी किया निरीक्षण

शिविर के निरीक्षण के साथ एक शाला एक परिसर अंतर्गत संचालित हाईस्कूल, मिडिल स्कूल का भी कलेक्टर श्री मिश्रा ने निरीक्षण किया। कक्षा नवमीं, दसवीं में अध्ययन व अध्यापन संबंधी जानकारी ली और ब्लैक बोर्ड बड़े लगाने व कक्षाओं में प्रकाश की समुचित व्यवस्था कराने के निर्देश दिए। इसके अलावा कलेक्टर ने कक्षा छठवीं, सातवीं व आठवीं की कक्षाओं का भी निरीक्षण किया। परिसर में बाउंड्रीवाल न होने के कारण असमाजिक तत्व न बैठें, इसके लिए नायब तहसीलदार को पुलिस के साथ संयुक्त रूप से कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम प्रिया चंद्रावत, जनपद पंचायत सीईओ ज्ञानेन्द्र मिश्रा, नायब तहसीलदार निधि तिवारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।



## पंडित दीन दयाल उपाध्याय की मनी जयंती

**कटनी,यशभारत।** नेहरू युवा केन्द्र कटनी के तत्वाधान में पंडित दीन दयाल उपाध्याय जी की जयंती पर राष्ट्रीय युवा स्वयं सेवक साक्षी सोनिया के द्वारा राय कॉलोनी के छात्रावास में पंडित दीन दयाल उपाध्याय जी के जीवन पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया एवं युवा छात्राओं के मध्य प्रश्नोत्तरी कराई जिसने सही उत्तर दिया उन्हे पुरस्कार भी दिये गए।



## जनजातीय सीनियर बालक छात्रावास में देखे इंतजाम, व्यवस्थाएं मिलीं चाक -चौबंद

**कटनी,यशभारत।** मुख्यमंत्री जनसेवाअभियान के तहत गत दिवस प्रदेश के सभी छात्रावासों का एक साथ भ्रमण और निरीक्षण कार्यक्रम के दौरान उपनगरीय क्षेत्र स्थित शासकीय जनजातीय सीनियर बालक छात्रावास खिरहनी एनकेजे कटनी का भ्रमण निरीक्षण नियुक्त प्रभारी अधिकारी राजेश जैन, प्रबंधक जिला सहकारी बैंक कटनी द्वारा बारीकी औचक पूर्ण ढंग से किया गया। निरीक्षण का उदेश्य विशेष रूप से छात्रावास परिसर की साफ सफाई, पर्याप्त रोशनी, भोजन की गुणवत्ता, आवश्यक सामानों की प्रतिपूर्ति, मरम्मत हेतु आवश्यक कार्यो की सूची सहित छात्रावास में रह रहे अंतःवासियों की ज्वलंत समस्यायों से रूबरू होकर उनका निराकरण करना था। प्रभारी अधिकारी द्वारा बच्चों को सभागार में बैठाकर बारी बारी से सभी को आमंत्रित कर उनकी समस्यायों को जानने का प्रयास किया गया।बच्चों द्वारा प्रभारी अधिकारी को बताया गया कि उनके छात्रावास में लाइट बहुत गुल होती है, अतःछात्रावास में इंवेटर लगवाया जायाएताकि अंतःवासियों की पढ़ाई में हो रहे व्यवधान को निर्मूल किया जा सके। साथ ही कठिन विषयों की कोचिंग की व्यवस्था अनुभवी शिक्षकों द्वारा छात्रावास में ही उपलब्ध कराये जाने की मांग बच्चों द्वारा अधिकारी के समक्ष रखी गयी। इस पर प्रभारीअधिकारी द्वारा दोनों समस्यायों के समाधान पर सार्थक पहल करने का आश्वासन दिया गया। निर्धारित कार्यक्रमों की कड़ी में बच्चों की बैठक के उपरांत प्रभारी अधिकारी द्वारा मैदान में सभी विद्यार्थियों औरअधीक्षक के साथ श्रमदान और बच्चों हेतु निर्मित भोजन का भी रसास्वादन किया गया।छात्रावास की चुस्त दुरस्त सफाई व्यवस्था और मेनू के अनुरूप निर्मित स्वादिष्ट भोजन पर प्रभारी अधिकारी द्वारा संतोष व्यक्त करते हुये वहां पर पदस्थ अतिरिक्त कार्य हेतु नियुक्त प्रभारी अधीक्षक मार्तण्ड सिंह राजपूत की सक्रियता और उनके वाल्केन्द्रित हित से जुड़े कार्यो की प्रशंसा की गयी।



## विजयराघवगढ़ में अधिकारियों के लिए होगा आवासों का निर्माण



### कलेक्टर ने किया शासकीय भूमि का निरीक्षण

**कटनी,यशभारत।** विजयराघवगढ़ तहसील मुख्यालय में एसडीएम, तहसीलदार सहित अन्य अधिकारियों के आवासों के निर्माण को लेकर स्थल चयन करने शासकीय भूमियों का गुरूवार को कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। कलेक्टर श्री मिश्रा ने कारीतलाई रोड स्थित शासकीय भूमि और सिविल अस्पताल के पीछे पड़ी भूमि का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं। कलेक्टर श्री मिश्रा ने एसडीएम व तहसीलदार को नगर के आसपास लगभग 6 एकड़ भूमि सुरक्षित करने के निर्देश दिए, ताकि भविष्य में अन्य शासकीय आवास भी स्थल पर बनाए जा सकें। इस दौरान एसडीएम महेश मंडलोई, तहसीलदार विजय द्विवेदी, सीईओ जनपद राकेश शुक्ला सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# बिलहरी के लक्ष्मण सागर तालाब का सौंदर्यीकरण कराएगा पर्यटन विभाग

## कलेक्टर ने अधिकारियों के साथ किया तालाब का निरीक्षण

**कटनी,यशभारत।** रीठी विकासखंड की ग्राम पंचायत के लक्ष्मण सागर तालाब का पर्यटन विभाग द्वारा सौंदर्यीकरण कार्य कराया जा रहा है। शुक्रवार को कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने पर्यटन विभाग व स्थानीय अधिकारियों के साथ निर्माण स्थल का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर श्री मिश्रा ने पर्यटन विभाग से तालाब के सौंदर्यीकरण के लिए कराए जाने वाले कार्यों की जानकारी ली। जिसमें बताया गया कि लगभग 70 लाख रूपये की लागत से विभिन्न कार्य कराए जाएंगे। कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि सौंदर्यीकरण कार्य में कटनी स्टोन का उपयोग करें व बिलहरी में पत्थर की नक्काशी का काम करने वाले परिवारों को रोजगार उपलब्ध कराएं। इसके अलावा आसपास के घरों को भी सौंदर्यीकरण में शामिल करने और ग्राम पंचायत द्वारा भी अपनी निधि से कुछ विकास कार्य कराने के निर्देश दिए। तालाब में अधिक से अधिक पानी स्टोर हो, इसके लिए जल संसाधन विभाग को कार्य करने व तालाब में नौकायान कराया जा सके, इसके प्रयास करने के भी निर्देश दिए। तालाब के नजदीक बिलहरी पुलिस चौकी के जीर्णोद्धार कार्य को भी कलेक्टर श्री मिश्रा ने देखा।



### पुराने स्कूल भवन का भी किया निरीक्षण

बिलहरी में वर्ष 1929 में निर्मित मिडिल स्कूल के भवन का भी कलेक्टर श्री मिश्रा ने पर्यटन विभाग के अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। उन्होंने स्कूल को ऐतिहासिक धरोहर के रूप में विकसित करने की संभावनाओं को लेकर चर्चा की। साथ ही जीर्णोद्धार कराने के लिए प्रस्ताव तैयार कराने के निर्देश दिए।

## छात्रों को अधिकारी देंगें जन हितैषी योजनाओं की जानकारी

**कटनी,यशभारत।** मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान के तहत जारी सेवा पखवाड़ा के दौरान 24 सितंबर को छात्रावास और आश्रमों में भ्रमण कर रहवासी छात्र-छात्राओं को शासकीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों की जानकारी देने के लिए अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। कलेक्टर मिश्रा ने आदेश जारी कर जिले के प्रत्येक आश्रम व छात्रावास के लिए अधिकारी नियुक्त किए है। जो भ्रमण कर छात्र.छात्राओं को केंद्र एवं राज्य शासन द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों से अवगत कराएंगे।



## छात्र–छात्राओं सहित अधिकारियों ने भी ली ऊर्जा संरक्षण की शपथ

**कटनी,यशभारत।** मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान के तहत चल रहे सेवा पखवाड़ा के दौरान को जिले भर में ऊर्जा साक्षरता अभियान के तहत विविध कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। साथ ही ऊर्जा संरक्षण एवं बिजली बचत करने का लोगों ने संकल्प और शपथ लिया। ऊर्जा साक्षरता अभियान के तहत जिलास्तरीय कार्यशाला का आयोजन शासकीय तिलक महाविद्यालय में किया गया। यहां समस्त महाविद्यालयीन स्टॉफ सहित छात्र–छात्राओं ने ऊर्जा संरक्षण और बिजली बचाने की शपथ ली। कलेक्टर कार्यालय में अपर कलेक्टर रोमानुस टोप्पो ने अधिकारियों और कर्मचारियों को ऊर्जा संरक्षण व बिजली बचत करने का संकल्प दिलाया। वहीं जिले के सभी अनुसूचित जाति एवं जनजाति छात्रावासों में रहवासी छात्र–छात्राओं ने भी उत्साह पूर्वक शपथ और संकल्प लिया। मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान के तहत आयोजित हो रहे शिविरों में पहुंचे ग्रामीणों ने भी बिजली बचाने का संकल्प लिया।

mgm HOSPITAL
कटनी की पहली और एकमात्र
एम.आर.आई. जाँच सेंटर
एमजीएम हॉस्पिटल में अब सीटी स्कैन के साथ, एमआरआई जाँच की सुविधा उपलब्ध है।
24X7 HELPLINE NUMBER 07622-405070
एम.जी.एम. हॉस्पिटल, कटनी (म.प्र.)
Web- www.mgmhospitalkatni.com, email- info@mgmhospitalkatni.com

## पढ़ाई के साथ प्रतियोगी परीक्षा की भी करें तैयारी

### कन्या छात्रावास बरही का निरीक्षण करने पहुंची डॉ खुशबू जैन ने किया छात्राओं का मार्गदर्शन



**बरही, यशभारत।** शासकीय अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास बरही की व्यवस्थाओं का जायजा लेने को वैटनरी विभाग में पदस्थ चिकित्सक डॉ खुशबू जैन पहुँची। हॉस्टल वार्डन श्रीमती राधा सोनी व छात्राओं द्वारा उनका अभिनंदन किया गया। मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान के तहत सेवा पखवाड़ा की कड़ी में छात्रावासों की सतत निगरानी करने के निर्देश के तहत जिला प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों का पालन करते हुए छात्रावास में रहने वाली छात्राओं को मिलने वाली सुविधाओं, व्यवस्थाओं, स्वच्छता आदि व्यवस्था देखकर प्रसन्नता जाहिर करते हुए डॉ खुशबू जैन ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि छात्रावास में रहकर पढ़ाई के साथ-साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी का यही अनुकूल समय होता है। बालिकाओं को निर्भीक व निडर रहकर अपने कैरियर का निर्माण करने उन्होंने मोटिवेट किया। छात्रावास में आयोजित सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम का शुभारंभ द्वीप प्रज्वलन, पूजा.आरती के साथ हुआ। छात्रावास की बालिकाओं द्वारा स्वागत गीत व अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम की उम्दा प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के अंत मे छात्राओं के उत्साह के लिए पुरुस्कार भेंट किए गए। हरियाली का संदेश देते हुए छात्रावास कैम्पस में नीम का पौधा रोपित किया गया। अंत मे अधीक्षिका श्रीमती राधा सोनी ने आभार ज्ञापित किया।

किराये से देना है
सिंगल रूम अटैच 3000 प्रतिव्यक्ति,
22 बाई 50 का हॉल सर्विस वालों एवं ऑफिस,
बैंक, कार्यालय गोदाम के लिए
पता-बीजेपी कार्यालय के सामने, जबलपुर रोड
बरगवां, कटनी (म.प्र.) मो. 8109417340

### कार्यालय रिटर्निंग प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति मर्यादित झलवारा पंजीयन क्रमांक 847

प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति मर्यादित झलवारा पंजीयन क्रमांक 847 के संचालक मंडल, पदाधिकारियों एवं प्रतिनिधियों के निर्वाचन हेतु कार्यक्रम सूचना का प्रकाशन। दिनांक- 25-09-2022

(1) आमसभा की सूचना एवं कार्यक्रम जारी किया जाना दिनांक 25.09.2022, (2) नामांकन पत्र प्रस्तुत किया जाना दिनांक 04.10.2022, (3) नामांकन पत्रों की जांच एवं वैध नामांकन पत्रों की सूचना का प्रकाशन दिनांक 06.10.2022, (4) नामांकन पत्रों की वापसी, चुनाव लड़ने वाले अंतिम उम्मीदवारों की सूची का प्रकाशन एवं चुनाव चिन्हों का आंवटन दिनांक 07.10.2022 (5) विशेष साधारण सम्मेलन में मतदान एवं मतगणना दिनांक 12.10.2022 (6) रिक्त स्थानों हेतु सहयोजन दिनांक 13.10.2022 (7) अध्यक्ष/उपाध्यक्ष एवं अन्य संस्थाओं में भेजे जाने वाले प्रतिनिधियों के निर्वाचन हेतु सूचना जारी किया जाना दिनांक 13.10.2022 (8) अध्यक्ष/उपाध्यक्ष एवं अन्य संस्थाओं में भेजे जाने वाले प्रतिनिधियों का निर्वाचन दिनांक 16.10.2022 ।

**नरेश कुमार पांडेय (रिटर्निंग ऑफीसर)**
**प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति मर्यादित झलवारा पंजीयन क्रमांक 847**

Tuesday Offer
@99/- Available On
All Seats Except Recliners
CINEWORLDZ CINEMA KATNI by CMW
Mittal MALL
Paytm
book my show

From 16th September 2022

Cineworldz Cinema Katni by CMW..
Schedule for the 16.09.2022 to 22.09.2022

| AUDI - 1 | SHOW |
|---|---|
| Siya 2D Hindi | 10:00AM |
| Jahan Chaar Yar 2D Hindi | 12:15PM |
| Brahmastra 2D Hindi | 03:00PM |
| Brahmastra 2D Hindi | 06:10PM |
| Brahmastra 2D Hindi | 09:20PM |
| AUDI - 2 | SHOW |
| Brahmastra 3D Hindi | 12:30PM |
| Brahmastra 3D Hindi | 03:45PM |
| Brahmastra 3D Hindi | 07:00PM |
| Brahmastra 3D Hindi | 10:10PM |
| AUDI - 3 | SHOW |
| Siya 2D Hindi | 12:00PM |
| Brahmastra 2D Hindi | 02:15PM |
| Jahan Chaar Yar 2D Hindi | 05:30PM |
| Brahmastra 2D Hindi | 08:00PM |

TIMINGS MAY CHANGE FOR CURRENT UPDATE VISIT ON BOOK MY SHOW & PAYTM
2nd Floor , Mittal Mall, Beside Mittal Enclave, Collectorate Road, Katni M.P.
Contact No. 9993123830

# प्रदेश में विद्युत लाइनों की ड्रोन के जरिए निगरानी

## दुर्गम इलाकों में फाल्ट का पता लगाने, मरम्मत में होगी आसानी

**भोपाल,यशभारत।।** प्रदेश में विद्युत विभाग ने विजली आपूर्ति की लाइनों में फाल्ट या टूट-फूट का जल्द पता लगाकर दुरुस्त करने और परिसंचरण में होने वाले लॉस को रोकने के लिए एक नई पहल की है। अब बिजली सप्लाई की लाइनों पर ड्रोन के जरिए नजर रखी जाएगी। मप्र पावर ट्रांसमिशन कंपनी फिलहाल अपनी 220 केवी अति उच्चदाब लाइनों की पेट्रोलिंग ड्रोन तकनीक से करवा रही है। पायलट प्रोजेक्ट में मिली सफलता के बाद मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी इस प्रोजेक्ट का दायरा विस्तारित कर रही है। प्रदेश की 35 साल से ज्यादा पुरानी लगभग 100 लाइन की मानिटरिंग के लिए मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी पहली बार ड्रोन पेट्रोलिंग का इस्तेमाल कर रही है। टावरों की ड्रोन पेट्रोलिंग से प्राप्त डाटा का विश्लेषण कर जंग लगे एवं मिसिंग टावर पार्ट्स को चिह्नित कर सुधार कार्य समय पर संभव हो सकेगा। पहले चरण में 220 केवी अति उच्चदाब लाइनों के टावरों की ड्रोन पेट्रोलिंग की जा रही है। बाद में 400 एवं 132 केवी की अति उच्चदाब लाइनों की ड्रोन पेट्रोलिंग की जाएगी।

### अगले माह से शुरूआत

मप्र पावर ट्रांसमिशन कंपनी शुरुआती चरण में प्रदेश में 2850 किलोमीटर लंबी लाइनों के लगभग 10 हजार टावर की पेट्रोलिंग कर डाटा जुटाएगी। प्राप्त डाटा का आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस साफ्टवेयर से संग्रहण कर बारीकी से परीक्षण किया जायेगा। यह कार्य आगामी अक्टूबर से प्रारंभ कर मार्च 2023 तक पूरा करने का लक्ष्य है।

### सूक्ष्म फाल्ट की भी निगरानी संभव

ड्रोन पेट्रोलिंग कराने से दुर्गम इलाकों में टावरों की निगरानी संभव हो सकेगी।



साथ ही किसी लाइन के फाल्ट होने पर ड्रोन से प्राप्त टावरों और लाइन की फोटो और वीडियो का तुंरत परीक्षण कर टूट-फूट की मरम्?मत की जा सकेगी। इससे ब्रेकडाउन समय में उल्लेखनीय कमी आ सकेगी। इसके अलावा प्रिवेंटिव मेंटेनेंस में भी समय पर छोटे से छोटे फाल्ट की भी मॉनीटरिंग कर जरूरी सुधार किया जा सकेगा।पावर ट्रांसमिशन कंपनी प्रदेश में स्थापित 39572 सर्किट किलोमीटर लंबी अति उच्च दाब लाइनों का 79915 अति उच्च दाब टावर के सहारे विद्युत पारेषण करती है। पहाड़, नदी और तालाब सहित अनेक दुर्गम भौगोलिक इलाकों से गुजरने वाली इन लाइनों का समय पर उचित रखरखाव के लिए एडवांस और प्रभावी तकनीक का उपयोग करना जरूरी हो गया था, जिससे शासन की नीति के अनुसार चौबीसों घंटे निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके।

# गरबा एक्सप्रेस पर देश को दिखेगी मध्य प्रदेश की झलक

**भोपाल,ईएमएस। मध्य प्रदेश की पर्यटन, संस्कृति और धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व मंत्री उषा ठाकुर ने कहा कि मध्य प्रदेश पूरे देश की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहरों को सहेजता है। अब मध्य प्रदेश के सांकृतिक, ऐतिहासिक, प्राकृतिक और मन भावन पर्यटन स्थलों की झलक गरबा एक्सप्रेस पर पूरे देश को दिखाई देगी। ठाकुर गुजरात के गांधीधाम जंक्शन पर गरबा एक्सप्रेस (ट्रेन नंबर 12937/38) पर मध्य प्रदेश की ब्रांडिंग के अनावरण कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं।**




ठाकुर ने कहा कि अगर आप सभी ने हिंदुस्तान का दिल मध्य प्रदेश नहीं देखा तो आपने कुछ नहीं देखा। मध्य प्रदेश में 33 करोड़ वर्ष पुरानी विश्व की प्राचीनतम नदी मां नर्मदा, दो ज्योतिर्लिंग, त्रेता युग का मंदिर राजेश्वर, सतयुग की नगरी जानापाव सहित प्राचीन बौद्ध स्मारक भी मौजूद है। इन सभी स्थलों सहित प्रदेश के महत्वपूर्ण पर्यटन स्थलों को दर्शाती गरबा एक्सप्रेस देशभर के पर्यटकों को मध्य प्रदेश आमंत्रित करेंगी।

च्संस्कृति और धरोहरों का अद्भुत संगम है स्क्क अपर प्रबंध संचालक टूरिज्म बोर्ड विवेक श्रोत्रिय ने कहा कि गरबा एक्सप्रेस पर मध्यप्रदेश के पर्यटन स्थलों और नैसर्गिक सौंदर्य को विनाइल रैपिंग के माध्यम से दर्शित किया गया है। यह प्रदेश के पर्यटन स्थलों को भारत की जनता तक पहुंचाने की पहल है। मध्य प्रदेश को भारत का दिल कहा जाता है। जैसे दिल में शरीर का सारा रक्त पहुंचता है वैसे ही मध्य प्रदेश में सभी राज्यों की संस्कृति और धरोहरों का अद्भुत संगम है। इसलिए पर्यटकों को कम से कम एक बार मध्य प्रदेश जरूर आना चाहिए। श्रोत्रिय ने गुजरात एवं देश के सभी पर्यटकों को मध्यप्र देश आने के लिए आमंत्रित भी किया।

### हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

ठाकुर ने गांधीधाम विधायिका मालती बेन महेश्वरी, एएमडी श्रोत्रिय और पश्चिम रेलवे के एआरएम आदिश पठानिया के साथ हरी झंडी दिखाकर गरबा एक्सप्रेस को रवाना किया। मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा पश्चिम रेलवे के सहयोग से गुजरात के गांधीधाम और पश्चिम बंगाल के हावड़ा के बीच चलने वाली गरबा एक्सप्रेस (ट्रेन नंबर 12937/38) पर प्रदेश के पर्यटन गंतव्यों, आयोजनों, मेलों की ब्रांडिंग करवाई गई है।

### यह होगी गरबा एक्सप्रेस की टाइमिंग

गरबा एक्सप्रेस गांधीधाम से शाम 6¬10 पर निकलेगी और गुजरात, मध्यप्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल के विभिन्न शहरों से गुजरते हुए हावड़ा स्टेशन पर तीसरे दिन दोपहर 12.55 पर पहुंचेगी। इस दौरान ट्रेन मध्य प्रदेश सहित 6 राज्यों से गुजरेगी। इन राज्यों में मध्य प्रदेश के प्रमुख पर्यटन गंतव्यों सहित जल महोत्सव, मांडू उत्सव, स्काई डाइविंग, हॉट एयर बलून जैसी गतिविधियों का भी प्रचार होगा।



# नवरात्र पंडलों और गरबा आयोजनों में तम्बाकू उत्पाद के प्रचार–प्रसार रोके

**भोपाल, यशभारत।** मध्य प्रदेश नेशनल हेल्थ मिशन (ह्यारू) की संचालक ने नवरात्रि पंडालों और गरबा आयोजनों में तम्बाकू उत्पादों के विज्ञापन रोकने और उसके दुष्प्रभावों के प्रचार-प्रसार को लेकर सभी कलेक्टर्स और पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखा है। इसमें उनसे नवरात्रि पंडालों और गरबा आयोजकों को निर्देश जारी करने को कहा गया है। एनएचएम की मिशन संचालक प्रियंका दास की तरफ से लिखे पत्र में बताया गया है कि जानकारी के अभाव में विभिन्न आयोजक नवरात्रि के समय दुर्गा उत्सव पंडालों, गरबा पंडालों में तम्बाकू उत्पादों के विज्ञापन तथा विभिन्न प्रतियोगिताएं एवं मनोरंजन कार्यक्रम के लिए इन उत्पादों के बैनर एवं स्पॉन्सरशिप स्वीकार कर लेते हैं। इस तरह से अप्रत्यक्ष विज्ञापनों से तंबाकू के उत्पादों का प्रचार होता है, जो कि प्रदेश की जनता के स्वास्थ्य के लिए खतरा है। साथ ही यह तंबाकू नियंत्रण अधिनियम की धारा 5 का उल्लंघन है। उन्होंने लिखा कि सभी नवरात्रि उत्सव, गरबा समारोह इत्यादि के आयोजकों का यह कर्तव्य है कि वे अपने आयोजन के दौरान तंबाकू उत्पादकों के स्पॉन्सरशिप तथा विज्ञापन स्वीकार न करें एवं आयोजन स्थल पर धूम्रपान को पूर्णतः प्रतिबंधित करें। साथ ही आयोजन के दौरान आने वाले लोगों को तंबाकू के सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों के संबंध में जानकारी देने के लिए विभिन्न प्रचार-प्रसार गतिविधियों जैसे तंबाकू विरोधी बैनर एवं पोस्टर का प्रदर्शन तंबाकू विरोधी नारों का प्रदर्शन स्टॉल, विभिन्न तंबाकू विरोधी प्रतियोगिताएं जैसे वाद-विवाद, पोस्टर प्रतियोगिताएं इत्यादि का आयोजन करें। साथ ही तंबाकू की आदत छोड़ने हेतु हेल्पलाइन नम्बर 1800112356 का प्रचार प्रसार करने को कहा गया है।

**NHM संचालक ने लिखा पत्र**

# कूनो में चीतों के बाद अब यहां छोड़े जाएंगे बाघ, मंत्री सिंधिया ने की थी मांग, एनटीसीए ने दी मंजूरी

**भोपाल ,यशभारत।** मध्यप्रदेश में ग्वालियर-चंबल के लिए यह अच्छी खबर है। पहले चरण में तीन बाघ माधव नेशनल पार्क में छोड़े जाएंगे। इसमें एक नर और दो मादा होंगे। यदि बाघ वहां पर सरवाइव करते हैं, तो अगले चरण में दो और बाघ माधव नेशनल पार्क में छोड़े जाएंगे। वन विभाग ने एनटीसीए की मंजूरी के बाद नवंबर में बाघ छोड़ने की तैयारी शुरू कर दी है। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने केंद्रीय वन और पर्यावरण मंत्रालय को माधव नेशनल पार्क में बाघ बसाने की मांग की थी। सिंधिया की इस पर मंत्रालय ने पांच बाघ माधव नेशनल पार्क में छोड़ने की अनुमति दी है। एनटीसीए की मंजूरी के बाद अब मध्यप्रदेश का वन विभाग बाघ को चिन्हित करने में लगा है। सतपुड़ा और बांधवगढ़ नेशनल पार्क से तीन बाघ पहले चरण में माधव नेशनल पार्क में छोड़े जाएंगे। फिलहाल, माधव नेशनल पार्क में बाघों के अनुकूल बाड़े तैयार किए जा रहे हैं। नवंबर महीने में बाघों को यहां छोड़ दिया जाएगा। सरकार की इस पहल से ग्वालियर-चंबल संभाग में तीन बिग कैट होंगे। यहां तेंदुए पहले से हैं। हाल ही में कूनो में चीते भी छोड़े जा चुके हैं। अब बाघ भी बसाए जा रहे हैं। ऐसे में जो पर्यटक चीतों को देखने के लिए आएंगे, वह महज 60 किलोमीटर का सफर तय कर माधव राष्ट्रीय उद्यान में बाघ भी देख सकेंगे। ऐसे में मतलब साफ है कि प्रदेश की सियासत में इस समय ग्वालियर-चंबल केंद्र बिंदु में है। यही वजह है कि इसे चंबल में चीतों के बाद अब बाघों की दस्तक की तैयारी से यहां का सियासी माहौल भी बदलने की एक कोशिश कही जा सकती है।

# पत्नी पर पेट्रोल डालकर लगाई आग, दिल दहलाने वाला वीडियो हो रहा वायरल

**भोपाल,यशभारत।** राजधानी से सटे सीहोर में दिल दहलाने वाला हादसा सामने आया है। पारिवारिक विवाद में एक महिला को पति ने जिंदा जलाने की कोशिश की। पति ने पेट्रोल डालकर उसे आग लगा दी भाग गया। चीखें सुनकर पड़ोसी पहुंचे और आग बुझाई। महिला को अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद भोपाल रैफर किया गया है। महिला की हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस ने देवास से पति को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार मामला सीहोर जिले के थाना कोतवाली इलाके के बारादरी कस्बे का है। नलिन बुधौलिया, टीआई, कोतवाली थाना ने बताया कि यहां रहने वाली दृष्टिहीन कलाबाई मालवीय की 25 वर्षीय बेटी दीक्षा का विवाह उज्जैन के राजेश मालवीय से हुआ था। अनबन होने के कारण दीक्षा कुछ दिनों से मां के पास ही रह रही थी। हालांकि पति यहां आकर भी विवाद करता था और मारपीट भी किया करता था। परेशान दीक्षा ने पुलिस में शिकायत भी कर रखी थी। दीक्षा की शादी उज्जैन के राजेश मालवीय से हुई थी। - फोटो ¬सोशल मीडियाशुक्रवार को राजेश फिर ससुराल पहुंच गया। इस बार वह उसे जान से मारने की नीयत से ही पहुंचा था। वह पेट्रोल लेकर आया था। यहां आने के बाद उसने दीक्षा से फिर विवाद किया। विवाद टालने के लिए दीक्षा बाथरूम में चली गई। तभी राजेश ने ऊपर से पेट्रोल डालकर आग लगा दी और तुरंत भाग निकला। सारा मामला सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। उधर महिला की चीखें सुनकर पड़ोसी वहां पहुंचे और आग बुझाई। महिला को जिला अस्पताल लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार दिया गया। हालत खराब होने पर उसे भोपाल रेफर कर दिया है। पड़ोसियों के बयान पर और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है। जांच के बाद आरोपी पति राजेश मालवीय को गिरफ्तार कर लिया है।

# बैरागढ़ में झांकी स्थलों के आसपास पुलिस तैनात होगी जुआरियों पर रहेगी पैनी नजर

**भोपाल,ईएमएस। बैरागढ़ में शारदेय नवरात्र के दौरान स्थापित मां अंबे की झांकियों के आसपास सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस तैनात रहेगी। शांति समिति की बैठक में पुलिस ने झांकी समिति के पदाधिकारियों से आग्रह किया कि वे रात्रि 10 बजे के बाद लाउड स्पीकर की आवाज कम कर दें, ताकि बुजुर्ग नागरिकों, मरीजों एवं पढ़ाई कर रहे बच्चों को परेशानी नहीं हो।**



बैरागढ़ थाने में आयोजित बैठक में सहायक आयुक्त अंतिमा समाधिया एवं थाना प्रभारी डीपी सिंह ने कहा कि दुर्गोत्सव एवं दशहरा आदि त्यौहार सब शांतिपूर्ण माहौल में मनाएं। ऐसा कोई कार्य न करें, जिससे किसी को असुविधा हो। बैठक में पार्षद अशोक मारण ने विसर्जन से एक दिन पहले ही शराब की दुकानें बंद करनी चाहिए ताकि चल समारोह में कोई भी शराब पीकर हुड़दंग न करे। बैठक में भाजपा के मंडल अध्यक्ष कमल वीधानी, चंदू भाई इसरानी ने भी अपने सुझाव रखे। जोनल अधिकारी विक्रम झा ने झांकी समितियों से व्यवस्था में सहयोग की अपील की। पुलिस ने झांकी स्थलों पर जुआ नहीं करने की अपील की। पिछली बार कुछ झांकी स्थलों से जुआरी पक? गए थे। गांधीनगर थाने में भी शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में झांकी समिति के पदाधिकायिों को व्यवस्था में सहयोग करने की अपील की गई। एएसीपी अंतिमा समाधिया ने बताया कि खजूरी थाने में आज शाम ग्राम सुरक्षा समिति की बैठक होगी।

बैठक में ग्रामीण इलाकों में शांतिपूर्ण माहौल में त्यौहार मनाने की अपील की जाएगी।

# दिग्विजय कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनते हैं तो खुशी होगी : बीडी

**भोपाल,यशभारत।** कांग्रेस में राष्ट्रीय अध्यक्ष को लेकर चुनावी प्रक्रिया शुरू हो गई है। राहुल गांधी के अध्यक्ष बनने से इनकार करने के बाद राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का नाम सबसे आगे चल रहा है। जबकि मध्य प्रदेश के पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह का नाम भी राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए सामने आया था। लेकिन उन्होंने संकेत दिए है कि अब वे इस अध्यक्ष पद के दावेदार नहीं है। लेकिन इसे लेकर भाजपा के एक नेता का बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि अगर दिग्विजय सिंह कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनते हैं तो उन्हें खुशी होगी।



दरअसल नगरीय निकाय चुनाव को लेकर मंडला पहुंचे भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने यह बड़ा बयान दिया है। वीडी शर्मा ने कहा कि हमें खुशी होगी कि मिस्टर बंटाधार राष्ट्रीय अध्यक्ष बने ताकि हम ये तो कह सकें कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष हमारे प्रदेश से हैं। इस दौरान वीडी शर्मा ने कांग्रेस अध्यक्ष की रेस में सबसे आगे चल रहे अशोक गहलोत पर भी निशाना साधते हुए कहा कि अशोक गहलोत को तो दुनिया जानती है कि वह क्या हैं। हम तो मानते है कि हमारा प्रतिद्वंदी कमजोर न हो लेकिन आज कांग्रेस टुकड़े-टुकड़े हो रही है। क्योंकि कांग्रेस एक वर्ग विशेष की राजनीति करती है। उन्होंने आगे कहा कि राहुल और दिग्विजय क्या भारत जोड़ेगे। ये तो देश के खिलाफ गतिविधियों में संलग्न रहने वालों के समर्थक है, ये क्या देश जोड़ेगे? शर्मा ने राहुल गांधी पर बड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि इन्होंने देश के साथ बेईमानी की है साथ ही राहुल को सलाह दी कि राहुल पहले देश का इतिहास पढ़े फिर बात करें।

# साढ़े चार लाख बच्चों को अब तक नहीं मिली साइकिल

**भोपाल, ईएमएस। प्रदेश के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले पांच लाख बच्चों को हर साल साइकिल वितरित की जाती है। कोरोना के कारण पिछले दो सत्र से स्कूल नहीं लगे, तो बच्चों को साइकिल भी नहीं मिल पाई है। इस साल 15 जून से नवीन शैक्षणिक सत्र शुरू हो चुका है। स्कूल भी नियमित लग रहे हैं। इसके बावजूद अब तक बच्चों को साइकिलों का वितरण नहीं किया गया है।**



इस संबंध में जब स्कूल शिक्षा विभाग से जानकारी ली गई तो पता चला कि सत्र में अभी सिर्फ 40 हजार आदिवासी क्षेत्रों के बच्चें को साइकिल मिलेगी। प्रदेश के साढ़े चार लाख से ज्यादा अन्य स्कूली बच्चों को साइकिल के लिए अभी और इंतजार करना पड़ेगा।वहीं स्कूल शिक्षा राज्यमंत्री इंदर सिंह परमार का कहना है कि पहले आदिवासी बच्चों को साइकिलें दी जाएगी। बाद में अन्य को मिलेंगी। इसका कारण उन्होंने अभी कुछ भी बताने से इंकार कर दिया। बता दें, कि शासन की ओर से सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले छठवीं और नौवीं कक्षा के विद्यार्थियों को मुफ्त साइकिल दी जाती है। साइकिल वितरण योजना में 180 करोड़ रुपये बजट का प्रविधान है। वहीं इस सत्र में विद्यार्थियों को मनपसंद साइकिल देने का प्रस्ताव भी तैयार किया जा रहा है।स्कूल शिक्षा विभाग की ओर से ग्रामीण क्षेत्रों के हर साल छठवीं और नौवीं के विद्यार्थियों को साइकिल दी जाती है। सत्र 2019-20 में प्रदेश के करीब आठ लाख विद्यार्थियों को साइकिलें दी गई थी। इस साल करीब पांच लाख विद्यार्थियों को साइकिलें प्रदान की जाएंगी। विभाग इस बार सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों को मनपसंद साइकिल देने की तैयारी कर रहा है। विद्यार्थियों को टोकन दिया जाएगा। पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर अभी भोपाल व इंदौर के विद्यार्थियों को टोकन दिया जाएगा। विद्यार्थी चाहे तो पैसे मिलकार महंगी साइकिल भी खरीद सकेंगे। इसके लिए अभी प्रस्ताव तैयार है, लेकिन मंजूरी नहीं मिलने के कारण अब तक विद्यार्थियों को साइकिल प्रदान नहीं की गई।

अब बालाघाट, बैतूल, छिंदवाड़ा, होशंगाबाद, सिवनी, मंडला,श्योपुर, अलीराजपुर, बड़वानी, धार, झाबुआ, खंडवा, खरगोन, अनूपपुर, डिंडोरी, शहडोल, सीधी और उमरिया जिले के विद्यार्थियों के लिए साइकिल खरीदी जाएंगी।

# जल्द नए भवन में शिफ्ट हो जाएगा गर्ल्स कॉलेज

## कलेक्टर ने विधायक के साथ किया निर्माणाधीन भवन का निरीक्षण

**कटनी,यशभारत।** शहर में स्थित एकमात्र शासकीय कन्या महाविलय का पुराना भवन अत्यंत कमजोर हो चुका है। बारिश के इस मौसम में भूतल पर बने सभी कमरों की छत टपकती है। क्लासरूम में भी पानी भर जाता है। इस महाविद्यालय में न केवल कटनी नगर की छात्राएं अध्ययन करतीं हैं वरन आसपास के गांवों से भी सैकड़ों की संख्या में छात्राएं महाविद्यालय पहुंचती हैं। छात्राओं की संख्या के हिसाब से भी पुराने भवन में स्थान बेहद कम है। गर्ल्स कॉलेज के लिए नया भवन पूर्व में ही स्वीकृत हो गया था। जिसका निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। इस भवन का निर्माण होते ही गर्ल्स कॉलेज नए भवन में स्थानांतरित हो जाएगा। कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने विधायक संदीप जायसवाल के साथ गत दिवस गुलवारा के समीप निर्माणाधीन नए भवन का निरीक्षण किया। विधायक संदीप जायसवाल ने निरीक्षण के दौरान कहा कि नए भवन में कॉलेज प्रारंभ करने के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों के लिए विशेष बसों की व्यवस्था भी की जाए ताकि ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाली छात्राओं को कॉलेज तक पहुंचने का साधन उपलब्ध रहे।



विधायक के साथ गुलवारा पहुंचे कलेक्टर ने मुख्य भवन के निरीक्षण के साथ पीआईयू के अधिकारियों से कराए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। विधायक से चर्चा के बाद कॉलेज को जल्द से जल्द शिफ्ट कराने के लिए कॉलेज प्राचार्य को आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर व विधायक ने संयुक्त रूप से कॉलेज के नवीन भवन में छात्राओं की सुविधाओं का ध्यान रखते हुए कार्य कराने के निर्देश पीआईयू के अधिकारियों को दिए। उन्होंने सभागार, केंटीन के साथ ही छात्राओं के वाहनों की पार्किंग और परिसर में पौधरोपण, सौंदर्यीकरण कराने पर विशेष जोर दिया। इसके अलावा बारिश के पानी को सहेजने वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम अनिवार्य रूप से बनाए जाने के निर्देश दिए। विधायक श्री जायसवाल ने छात्राओं की सुविधा को देखते हुए परिसर के नजदीक बॉटनी विभाग के लिए गार्डन तैयार करने और छात्रावास का निर्माण नवीन भवन से लगी भूमि पर ही कराने का सुझाव दिया। जिसपर कलेक्टर श्री मिश्रा ने एसडीएम को भवन के नजदीक की शासकीय भूमि का नक्शा व आवंटन की स्थिति को देखते हुए पूरी जानकारी प्रस्तुत करने के निर्देश प्रदान किए। कॉलेज तक एप्रोच मार्ग के निर्माण को लेकर भी पीआईयू के अधिकारियों से प्रस्ताव तैयार करने और छात्राओं की सुरक्षा का ध्यान रखते हुए सुरक्षाकर्मियों के रूप में रिटायर्ड सैनिकों को तैनात करने की व्यवस्था करने के निर्देश निरीक्षण के दौरान प्रदान किए गए। विधायक श्री जायसवाल व कलेक्टर श्री मिश्रा ने पीआईयू के अधिकारियों से नवीन भवन परिसर के मैदान में बीचों-बीच किसी भी तरह का निर्माण न कराते हुए छात्राओं की सुविधा को ध्यान में रखने के निर्देश दिए।

### बसों की भी रहेगी छात्राओं के लिए सुविधा

निरीक्षण के दौरान विधायक श्री जायसवाल ने बताया कि आसपास के लगे गांवों की बालिकाएं साधन उपलब्ध न होने के कारण कक्षा 12वीं के बाद पढ़ाई छोड़ देती हैं। इसको ध्यान में रखकर छोटी-छोटी बसें कुछ रूट में चलाने का निर्णय लिया गया है। जिसके लिए उन्होंने पहले से विधायक निधि से 35 लाख रूपये की राशि दे रखी है और नवीन भवन में कॉलेज शिफ्ट होने के बाद बसों का भी संचालन किया जाएगा ताकि छात्राओं को बेहतर सुविधा मिल सके। इस दौरान एसडीएम प्रिया चंद्रावत, गर्ल्स कॉलेज प्राचार्य आरके गुप्ता, पीआईयू के अधिकारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## फर्स्ट रनर अप रहते हुए हासिल किया दूसरा स्थान

# डांस इंडिया डांस सुपर मॉम्स में साधना मिश्रा ने रोशन किया कटनी का नाम




**कटनी,यशभारत।** जीटीवी पर प्रसारित होने वाले सुप्रसिद्ध शो डांस इंडिया डांस सुपर मॉम्स में टॉप 12 मैं अपना स्थान बनाकर अपनी लगन, मेहनत, प्रतिभा, समर्पण और परिवार जनों के शुभ आशीष और सभी शुभचिंतकों की शुभकामनाओं की बदौलत साधना मिश्रा ने टॉप 6 मैं रहते हुए फाइनल में अपना स्थान निश्चित किया, और अंतिम पड़ाव में उन्होंने फर्स्ट रनर अप रहते हुए शो में द्वितीय स्थान प्राप्त कर अपने प्रदेश, अपने ग्रह ग्राम पिपरिया सहलावन, वर्तमान कर्मभूमि बैतूल, अपने माता पिता सास ससुर और सभी परिजनों को गौरवान्वित किया है। गौरतलब है कि साधना मिश्रा मध्य प्रदेश के हृदय स्थल करौंदी उमरिया पान के समीप ग्राम पिपरिया सहलावन जिला कटनी के प्रतिष्ठित नागरिक नारायण प्रसाद मिश्रा और भारत प्रसाद मिश्रा की पुत्रवधू एवं बालमुकुंद मिश्र ब्लॉक समन्वयक मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के छोटे भाई मुकुंद मिश्रा की पत्नी उमरियापान में शिक्षक आनंद मुकुंद मिश्रा और कटनी जिले में डीएसपी रहे अमन मिश्रा की भाभी है, साधना मिश्रा को मिली उल्लेखनीय सफलता पर उनके सभी परिजनों, क्षेत्रीय जनों व शुभचिंतकों में अत्यंत हर्ष व्याप्त है। साधना मिश्रा के परिवार की ओर से नारायण प्रसाद मिश्रा, भारत प्रसाद मिश्रा, रामकृष्ण मिश्रा, संतराम मिश्रा परशुराम मिश्रा, नंदराम मिश्रा, बालमुकुंद मिश्रा, माधव मिश्रा और शिक्षक आनंद मुकुंद मिश्रा ने उनकी इस विशेष उपलब्धि मै प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से अपना सहयोग देने वाले सभी शुभचिंतकों के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की है।




# जिन पंचायतों में नहीं है वहां खुलेंगी शासकीय उचित मूल्य की दुकानें

**कटनी,यशभारत।** जिले की शासकीय उचित मूल्य दुकान विहीन ग्राम पंचायतों में नवीन शासकीय उचित मूल्य दुकान का आवंटन किया जाना है। जिसमें विकासखंड विजयराघवगढ़ की ग्राम पंचायत खिरवा नंबर-2, चोरी, रीठी विकासखंड की सिमरा नंबर 1, सिमड़ारी, बड़ागांव, घिनौची और कटनी विकासखंड की ग्राम पंचायत गैतरा व जुहला में दुकान का आवंटन किया जाना है। दुकान आवंटन के लिए प्राथमिक सहकारी साख समितियां, वन समितियां, विपणन संस्था, महिला स्व सहायता समूहों एम राशन मित्र पोर्टल के माध्यम से 10 अक्टूबर तक आवेदन कर सकते हैं।




### संचार संकर्म समिति की बैठक कल

**कटनी,यशभारत।** जिला पंचायत की संचार संकर्म समिति की बैठक का आयोजन 26 सितंबर को दोपहर 2 बजे से जिला पंचायत सभागार में किया जाएगा। बैठक में सभापति व सदस्यों का परिचय होगा और उसके बाद जल संसाधन विभाग के विभागीय कार्य 2020 से वर्तमान तक स्वीकृत, पूर्ण, अपूर्ण कार्यों की समीक्षा की जाएगी। साथ ही सभापति की अनुमति से अन्य विषयों पर चर्चा की जाएगी।

## अवैध बिजली जलती मिली तो होगी कार्रवाई

# अस्थाई कनेक्शन लेकर ही सजाएं दुर्गा पंडाल

**कटनी,यशभारत।** दुर्गोत्सव त्यौहार तथा अन्य त्यौहारों में पंडालों को अस्थायी विद्युत कनेक्शन देने के लिए मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने माकूल प्रबंध किए हैं। कंपनी ने धार्मिक उत्सव समितियों और बिजली उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे दुर्गोत्सव में धार्मिक पण्डाल एवं झॉकियों में बिजली साज-सज्जा, नियमानुसार ऑनलाइन अस्थाई कनेक्शन लेकर ही करें। कंपनी के निकटतम जोन कार्यालय एवं वितरण केन्द्र में निर्धारित प्रपत्र में सही, संयोजित विद्युत भार को दर्शाते हुए अस्थायी कनेक्शन के लिए आवेदन प्रस्तुत करें। बिजली कंपनी के चवतजंस.उचब्र.पद पर जाकर भी अस्थाई कनेक्शन के लिए आवेदन किया जा सकता है। लायसेंसी विद्युत ठेकेदार की टेस्ट रिपोर्ट आवेदन में संलग्न करें एवं वायरिंग इत्यादि लायसेंसधारी विद्युत ठेकेदार से ही करवाएँ। आवेदन में दर्शाए अनुसार विद्युत भार के अनुरूप सुरक्षा निधि एवं अनुमानित विद्युत उपभोग की राशि अग्रिम जमा करा कर बिजली कंपनी से अस्थाई कनेक्शन की रसीद अवश्य लें। रसीद की लेमीनेटेड प्रति अनिवार्य रूप से पंडाल एवं झॉकी के सामने लगाएँ। आवेदित विद्युत भार से अधिक भार का उपयोग विद्युत साज-सज्जा के लिए न करें।

विद्युत कनेक्शन मीटरीकृत होगा एवं विद्युत देयक की बिलिंग नियमानुसार अस्थायी कनेक्शन के लिए लागू घरेलू दर पर की जाएगी। झांकियों के निर्माण एवं विद्युत साज-सज्जा में सुरक्षा नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करें। अनधिकृत तरीके से विद्युत का उपयोग न करें। अधिक भार से ट्रांसफार्मर के जलने की संभावना तथा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। अनधिकृत विद्युत उपयोग करने पर इलेक्ट्रिसिटी एक्ट 2003 के तहत उपयोगकर्ता एवं जिस विद्युत ठेकेदार से कार्य कराया गया है, उनके विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जा सकती है, साथ ही अनधिकृत विद्युत उपयोग की दशा में संबंधित विद्युत ठेकेदार के लायसेंस निरस्तीकरण की कार्यवाही हो सकती है।

# पंचायत मद और जलकर की राशि से करें पेयजल का इंतजाम

## कलेक्टर ने हरदुआकला के शिविर में ग्रामीणों से किया संवाद





**कटनी,यशभारत।** ग्राम पंचायत की पेयजल व्यवस्था को दुरूस्त करने के लिए पीएचई पर निर्भर न रहें। पंचायत के मद से और जलकर की राशि के माध्यम से छोटे-छोटे कार्य स्वयं कराएं, ताकि गांव की पेयजल व्यवस्था बेहतर हो सके। आवश्यकतानुसार गांववालों के साथ मिलकर जलकर में भी वृद्धि करें और उसकी राशि का भी व्यवस्था बनाने में समुचित उपयोग करें। यह निर्देश कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान अंतर्गत विजयराघवगढ़ विकासखंड के हरदुआकलां में आयोजित शिविर के दौरान दिए।

बरसते पानी में कलेक्टर श्री मिश्रा हरदुआकलां शिविर में पहुंचे और अभियान के तहत किए गए सर्वे के दौरान विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों के संबंध में जानकारी ली। ग्राम पंचायत सचिव ने सर्वे के दौरान शौचालय निर्माण, वृद्धावस्था पेंशन, राष्ट्रीय परिवार सहायता, दिव्यांग छात्रवृति, आयुष्मान कार्ड, लाड़ली लक्ष्मी योजना, संनिर्माणकार योजना आदि के संबंध में पात्र हितग्राहियों की सूची का वाचन किया। कलेक्टर श्री मिश्रा ने ग्रामीणों को आयुष्मान कार्ड की उपयोगिता की जानकारी दी और शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ शिविर के माध्यम से उठाने के लिए प्रेरित किया। कलेक्टर ने ग्रामीणों से गांव सफाई व्यवस्था, आंगनबाड़ी केन्द्र, आरोग्य केन्द्र आदि के खुलने व योजनाओं की जानकारी के संबंध में संवाद कर जानकारी ली। साथ ही कहा कि गांव में स्वच्छता रहे, इसकी जिम्मेदारी सिर्फग्राम पंचायत की नहीं है, सभी मिलकर गांव को स्वच्छ व सुंदर बनाने का कार्य करें। उन्होंने शिविर के दौरान किए जा रहे हेल्थ चेकअप शिविर का भी अवलोकन कर जांच व दवा वितरण के संबंध में जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए।

### लाड़ली उत्सव में हुए शामिल प्रमाण पत्र किए प्रदान

कलेक्टर श्री मिश्रा हरदुआकलां के आंगनबाड़ी केन्द्र में अभियान के तहत आयोजित लाड़ली उत्सव कार्यक्रम में भी शामिल हुए। उन्होंने आंगनबाड़ी केन्द्र में लाड़लियों को प्रमाण पत्र व उपहार भेंट किए। साथ ही कार्यकर्ता और उपस्थित महिलाओं से केन्द्र के माध्यम से दिए जाने वाले विभिन्न योजनाओं के लाभ के संबंध में भी चर्चा की।

### प्राथमिक स्कूल का किया निरीक्षण

कलेक्टर श्री मिश्रा ने शिविर स्थल के नजदीक ही संचालित प्राथमिक स्कूल आदिवासी टोला का निरीक्षण किया। स्कूल में बच्चों के संबंध में जानकारी ली। कुछ छात्रों के पास यूनीफार्म नहीं थीं, जिसके संबंध में भी शिक्षक से जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए। परिसर में लगे ट्रांसफार्मर से दुर्घटना की आशंका को लेकर ग्रामीणों ने कलेक्टर का ध्यानाकर्षण कराया, जिसपर उन्होंने एसडीएम को ट्रांसफार्मर को शिफ्ट कराने प्रस्ताव तैयार कराने के निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम महेश मंडलोई, तहसीलदार विजय द्विवेदी, सीईओ जनपद पंचायत राकेश शुक्ला सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# रासेयो के स्थापना दिवस पर चड्डा कॉलेज में रक्तदान शिविर का आयोजन

**कटनी,यशभारत।** कटनी आर्ट्स एण्ड कॉमर्स चड्डा कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा 24 सितम्बर को आजादी का अमृत महोत्वस अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना का स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मां सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष पूजन-वंदन के साथ हुआ। महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा। इस अवसर पर रक्तदान शिविर एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. जय चड्डा द्वारा की गई। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन मध्य प्रदेष शासन के अंतर्गत कटनी जिला अस्पताल से डॉ. मोहित श्रीवास्तव, हेमंत श्रीवास्तव, एन.पी. त्रिपाठी, राघवेन्द्र शर्मा, साधना शुक्ला, प्रतिभा सिंह, ध्यान सिंह आदि की कार्यक्रम में उपस्थिति रही। रक्तदान शिविर में महाविद्यालय के प्राध्यापकों एवं 21 छात्र-छात्राओं द्वारा रक्तदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी प्राध्यापक डॉ.




आर.आर.एस. परिहार द्वारा किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. जय चड्डा ने उक्त दिवस की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना छात्र-छात्रओं में अनुशासन, ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा एवं राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका निभाता है। साथ ही उन्होंने रक्तदान को महादान की संज्ञा देते हुए कहा कि हमारे द्वारा दिए गए रक्त से किसी को नया जीवन मिल सकता है। कार्यक्रम में महाविद्यालय के उप. प्राचार्य डॉ. राजीव खत्री, कला विभाग विभागाध्यक्ष डॉ. स्वाति छिरौल्या, वाणिज्य विभाग विभागाध्यक्ष शरद निरंकारी, कम्प्यूटर एवं विज्ञान विभाग विभागाध्यक्ष श्रीमती आराधना अग्रहरि, विधि विभाग विभागाध्यक्ष डॉ. गोपाल उपाध्याय, सहायक प्राध्यापक रीतेश निगम, सहायक प्राध्यापक डॉ. शैलेन्द्र वर्मा, सहायक प्राध्यापक अतुल जैन, सहायक प्राध्यापक समीप श्रीवास्तव, सहायक प्राध्यापक गगन गुप्ता, पवन केवट, कु. शबनम कुरैषी एवं अन्य समस्त स्टाफ की उपस्थिति रही।

### बिजली बचत करने छात्र छात्राओं ने लिया संकल्प

**कटनी,यशभारत।** शासकीय उमाध्यमिक विद्यालय कैलवाराकलां में ऊर्जा साक्षरता अभियान के तहत विद्यार्थियों को शपथ दिलाई गई। विद्यार्थियों को ऊर्जा बचत के उपाय व ऊर्जा की बचत किस प्रकार की जाती है, इस बात की जानकारी प्रदान की गई। विद्यार्थियों को अपने घर, समाज और गांव में ऊर्जा बचत करने लोगों को जागरूक करने प्रेरित किया गया। प्रतिदिन 1 यूनिट बिजली की बचत और अक्षय ऊर्जा के साधन के विषय में भी विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में विनोद पंजवानी, अन्नपूर्णा भारती, मधु पटेल, आयुषी पाठक, अंगद साहू, विनोद कुमार गौतम, जयंती इक्का और संस्था प्राचार्य राजेश अग्रहरी उपस्थित थे।

न्यूनतम मूल्य में पाएं अधिकतम लाभ
यश भारत
कलर क्लासीफाइड

| | | |
|---|---|---|
| 1 दिन | - | 150/- |
| 3 दिन | - | 250/- |
| 7 दिन | - | 500/- |
| 15 दिन | - | 1200/- |
| 30 दिन | - | 1800/- |

साईज- 5x1
आवश्यकता, खरीदना-बेचना
अपने व्यापार को बढ़ावा दें
बुकिंग हेतु संपर्क करें
यश भारत
कचहरी चौक, कटनी
फोन:- 07622-230033
Email :- katni@yashbharat.com

# कलेक्टर ने सिविल अस्पताल विजयराघवगढ़ का किया आकस्मिक निरीक्षण



### पोषण पुनर्वास केन्द्र में कुपोषित बच्चों को भर्ती कर स्वस्थ्य बनाने दिए निर्देश

**कटनी,यशभारत।** कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने गुरूवार को विजयराघवगढ़ सिविल अस्पताल का आकस्मिक निरीक्षण किया। अस्पताल की व्यवस्थाएं देखीं और आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर श्री मिश्रा ने पंजीयन कक्ष की व्यवस्थाएं देखीं और जमीन पर पड़ी किट देखकर नाराजगी जाहिर कर उन्हें व्यवस्थित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने पंजीयन काउंटर के रजिस्टर का भी अवलोकन पंजीयन कर रहे कर्मचारियों से आवश्यक जानकारी ली। काउंटर पर क्यूआर कोड की व्यवस्था कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री मिश्रा ने अस्पताल की ओपीडी का निरीक्षण किया और उपस्थित चिकित्सकों से जांच आदि के संबंध में जानकारी ली। नेत्र विभाग में मशीनों से आंखों की जांच कराकर भी कलेक्टर श्री मिश्रा ने देखा। ओपीडी के बाहर प्रकाश व बैठने की समुचित व्यवस्था कराने के निर्देश दिए। आने वाले मरीजों व उनके परिजनों की जानकारी के लिए लगाए साइन बोर्ड भी व्यवस्थित कराने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर श्री मिश्रा ने पोषण पुनर्वास केन्द्र का निरीक्षण किया और भर्ती बच्चों की माताओं व प्रभारी से जानकारी ली। साथ ही कहा कि शिविरों के माध्यम से लगातार बच्चे चिन्हित किए जा रहे हैं और ऐसे में केन्द्र का एक भी बेड खाली न रहे, इसकी व्यवस्था कराएं। उन्होंने कहा कि चिन्हित बच्चे केन्द्र तक पहुंच रहे हैं या नहीं इसपर एसडीएम भी निगरानी रखें।



### अम्मा डॉक्टर, नर्स ने अच्छे से किया इलाज?

सिविल अस्पताल के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री मिश्रा ने परिसर में बैठे मरीजों के परिजनों से भी संवाद किया। विजयराघवगढ़ निवासी प्रेमबाई अपनी बहन की बेटी का प्रसव कराने आई थीं। कलेक्टर प्रेमबाई से इलाज के संबंध में जानकारी लेते हुए पूछा कि अम्मा बेटी का इलाज डॉक्टर, नर्स ने अच्छे से किया या नहीं, जिसपर परिजनों ने बताया कि इलाज बहुत अच्छे से हुआ है। व्यवस्थाओं को लेकर कलेक्टर श्री मिश्रा ने संतोष जताया। इस दौरान एसडीएम महेश मंडलोई, बीएमओ डॉ. विजय कुमार, तहसीलदार विजय द्विवेदी, सीईओ जनपद राकेश शुक्ला, डॉ. धनेश्वरी सिंह, थाना प्रभारी विजयराघवगढ़ सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



# दीप्ति शर्मा के मांकडिंग से बवाल

## तिलमिलाई इंग्लैंड की टीम, हरमनप्रीत कौर ने दिया करारा जवाब

**लंदन, एजेंसी।** ( भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने तीन वनडे मैचों की सीरीज के आखिरी मुकाबले में इंग्लैंड को 16 रन से हराकर सीरीज को 3–0 से अपने नाम कर लिया। यह महान तेज गेंदबाज झूलन गोस्वामी का आखिरी मैच था। दिन भर झूलन की चर्चा होती रही, लेकिन मैच के आखिरी समय में दीप्ति शर्मा के एक रनआउट को लेकर बात होने लगी। लॉर्ड्स में दीप्ति द्वारा नॉन–स्ट्राइकर एंड पर किया गया यह रनआउट मांकडिंग के जैसा था। दरअसल, मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय महिला टीम 45.4 ओवर में 169 रन पर ऑलआउट हो गई। जवाब में इंग्लैंड की टीम ने 43.3 ओवर में नौ विकेट पर 153 रन बना लिए थे। चारलोट डीन 47 और फ्रेया डेविस 10 रन बनाकर नाबाद थीं। 44वें ओवर की चौथी गेंद को करने से पहले दीप्ति शर्मा ने नॉन–स्ट्राइकर एंड पर खड़ी चारलोट डीन को रनआउट कर दिया। इंग्लैंड की टीम 16 रन से मैच हार गई।

### दीप्ति ने कैसा किया डीन को रनआउट?

दरअसल, चारलोट नियमों के खिलाफ जाकर गेंद फेंकने से पहले रन के लिए क्रीज से बाहर निकल चुकी थीं। कप्तान हरमनप्रीत कौर और गेंदबाज दीप्ति शर्मा ने दो-तीन बार उन्हें ऐसा करते हुए देख लिया था। दीप्ति जब चौथी गेंद डालने के लिए आगे बढ़ीं और क्रीज तक पहुंची तो उन्होंने देखा कि चारलोट डीन गेंद फेंकने से पहले ही आगे बढ़ चुकी हैं। दीप्ति ने गेंद नहीं फेंका और डीन को रनआउट कर दिया। पहले ऐसा करने पर इसे मांकडिंग कहा जाता था, लेकिन अब आईसीसी ने इसे नियमों में शामिल कर लिया है। बल्लेबाज गलत तरीके से अब लाभ नहीं उठा सकता।

### क्या कहते हैं आईसीसी के नियम?

आईसीसी ने इस साल मांकडिंग को लॉ 41.16 ( अनुचित ) खेल से रन-आउट नियम ( 38 ) में शामिल कर दिया था। आईसीसी के नियम 41.16.1 के मुताबिक, गेंदबाज के हाथ से गेंद छूटने से पहले अगर नॉन-स्ट्राइकर एंड का बल्लेबाज क्रीज से बाहर निकलता है तो उसे रनआउट किया जा सकता है। गेंदबाज थ्रो करके या अपने हाथ से विकेट में गेंद मार सकता है।

### हरमनप्रीत ने दिया शानदार जवाब

हार के बाद जब इंग्लैंड की कप्तान एमी जोन्स से इस रनआउट के बारे में पूछा गया तो उन्होंने भारत की खेल भावना पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा, इस तरह से मैच का समापन होना दुखद है। इसे लेकर सबके अपने विचार हैं। मैं इस नियम की प्रशंसक नहीं हूं। मुझे नहीं पता कि भारतीय टीम इसे कैसे देखती है। एमी जोन्स के इस बयान के बाद लॉर्ड्स में बैठे इंग्लैंड के फैंस तालियां बजाने लगे और भारतीय खिलाड़ियों की हूटिंग करने लगे। जब भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर से इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने पहले इस सवाल को टालने का प्रयास किया, लेकिन दोबारा पूछने पर कराबा जवाब दिया। हरमनप्रीत ने कहा, मैंने सोचा था कि आप पहले नौ विकेटों के बारे में पूछेंगे क्योंकि उन्हें लेना भी आसान नहीं था। मुझे नहीं लगता कि हमने कुछ नया किया है। मुझे लगता है कि यह आपकी जागरूकता को दिखाता है कि बल्लेबाज क्या कर रहे हैं। मैं अपने खिलाड़ी का समर्थन करूंगी क्योंकि मुझे नहीं लगता कि उसने कुछ ऐसा किया है जो आईसीसी के नियमों में नहीं है। हरमनप्रीत के जवाब के बाद भारतीय फैंस ने जमकर तालियां बजाई।

## जीत के साथ भारतीय टीम ने झूलन को दी विदाई



भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने इंग्लैंड को लॉर्ड्स में खेले गए तीसरे वनडे में 16 रनों से हराकर वनडे सीरीज में क्लीन स्वीप कर लिया है। इंग्लैंड की सरजमीं पर भारत को पहली बार वनडे में क्लीन स्वीप करने में कामयाबी मिली है। वहीं दिग्गज झूलन गोस्वामी का ये आखिरी इंटरनेशनल मैच था। इस मैच के खत्म होने के साथ उन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 45.4 ओवर में 169 रन बनाए, इसके जवाब में इंग्लैंड की टीम 43.4 ओवर में 153 रन ही बना सकी। इस मैच में झूलन गोस्वामी ने 10 ओवर में 30 रन देकर 2 विकेट लिए। ओवर खत्म होने के बाद भारतीय खिलाड़ियों ने झूलन को बधाई दी और गले मिले। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 45.4 ओवर में सभी विकेट खोकर 169 रन बनाए हैं। भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही और टीम ने पावरप्ले के अंदर ही तीन विकेट गंवा दिए थे। सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने पारी को कुछ देर संभालकर रखा, लेकिन वह भी 79 गेंद में 50 रन बनाकर पवेलियन लौट गई। शेफाली वर्मा, यास्तिका भाटिया खाता भी नहीं खोल सकीं। कप्तान हरमनप्रीत कौर 9 गेंद में 5 रन बनाकर आउट हुई। हालांकि दीप्ति शर्मा ने अर्धशतक लगाकर भारत को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। दीप्ति 106 गेंदों में 68 रन बनाकर नाबाद रहीं। झूलन गोस्वामी का करियर– चकदा एक्सप्रेस के नाम से मशहूर झूलन गोस्वामी दुनिया की सबसे तेज गेंदबाज और सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली गेंदबाज हैं। 6 जनवरी 2002 को इंटरनेशनल डेब्यू करने वाली झूलन ने 19 साल के करियर में 284 मैचों में 355 विकेट चटकाए हैं। उनके नाम महिला विश्व कप में सबसे अधिक विकेट लेने का रिकॉर्ड हैं। उन्होंने 34 विश्व कप मैचों में 43 विकेट लिए हैं। वे विश्व कप में 2 बार 4 विकेट ले चुकी हैं। झूलन ने अपने इंटरनेशनल करियर में 1924 रन भी बनाए हैं। इसमें 3 फिफ्टी भी शामिल हैं।

# आज फेसबुक पर लाइव आएंगे धोनी फैंस के साथ शेयर करेंगे रोमांचक खबर



**नई दिल्ली, ईएमएस।** महेंद्र सिंह धोनी एक गुप्त जीवन जीना पसंद करते हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास के बाद रांची में वह एक सादगी भरी जिंदगी बिता रहे हैं। भारत के पूर्व कप्तान ने सोशल मीडिया से भी खुद को दूर रखा है और शायद ही कभी कोई फोटो पोस्ट करते हैं। धोनी लाइमलाइट से दूर रहते हैं और तभी नजर आते हैं जब फैंस उन्हें क्लिक करने में कामयाब होते हैं।

हालांकि, अब धोनी सोशल मीडिया पर धमाल करने को तैयार हैं। वह 25 सितंबर को सोशल मीडिया पर लाइव आएंगे। इसकी जानकारी खुद धोनी ने फेसबुक पर एक पोस्ट के जरिये दी है और खुलासा किया है कि वह दोपहर दो बजे प्रशंसकों के साथ कुछ रोमांचक समाचार साझा करेंगे। उम्मीद की जा रही है कि धोनी फेसबुक पर लाइव आएंगे। घोषणा किस बारे में है, इसकी जानकारी फिलहाल नहीं है। धोनी को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिए दो साल से भी ज्यादा का वक्त हो गया है।

हालांकि, वह अभी भी आईपीएल खेल रहे हैं। माना जा रहा है कि अगला आईपीएल धोनी का आखिरी आईपीएल हो सकता है। ऐसे में फैन्स को डर है कि कहीं धोनी संन्यास से जुड़ी कोई घोषणा नहीं कर दें। धोनी यह बता ही चुके हैं कि वह आईपीएल में अपने होम ग्राउंड यानी चेन्नई सुपर किंग्स के होम ग्राउंड पर आखिरी मैच खेलना चाहते हैं।

# रश्मिका मंदाना संग गोविंदा ने लगाए सामी सामी पर ठुमके, जुगलबंदी देख रह जाएंगे दंग



नई दिल्ली एजेंसी। पुष्पा फेम एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना को हाल ही में सुपरस्टार गोविंदा से मिलने का मौका मिला। गोविंदा और रश्मिका की जुगलबंदी देखकर फैंस के एक्साइटमेंट का ठिकाना नहीं रहा। दोनों ने साथ में स्टेज पर परफॉर्म भी किया और कहना होगा कि 90 के दशक के सुपरस्टार एक्टर गोविंदा आज भी हर गाने पर ऐसे परफॉर्म करते हैं कि देखने वाला बस देखता ही रह जाए।

### गोविंदा संग लगाए रश्मिका ने ठुमके

मौका था DID Super Moms के ग्रांड फिनाले का और गोविंदा भी बतौर मेहमान रश्मिका मंदाना के साथ सेट पर मौजूद थे। फिल्म पुष्पा में अल्लू अर्जुन के साथ फीमेल लीड रोल में नजर आईं रश्मिका मंदाना का गाना Saami Saami सुपरहिट हो चुका है और यहां पर गोविंदा और रश्मिका ने इसी गाने पर जोरदार ठुमके लगाए।

### फैंस को पुष्पा पार्ट 2 का इंतजार

बता दें कि पुष्पा के बाद अब फैंस को अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा–2 का बेसब्री से इंतजार है। फिल्म का पहला पार्ट सुपरहिट रहा था और माना जा रहा है कि दूसरे पार्ट में भी रश्मिका मंदाना अपनी अदाओं का जादू चलाएंगी। साउथ की सुपरहिट एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना ने अब हिंदी फिल्मों में भी कदम जमाना शुरू कर दिया है।

# गुजराती गृहिणी का किरदार निभाएंगी माधुरी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री माधुरी दीक्षित आगामी स्ट्रीमिंग फिल्म मजा मा में एक गुजराती गृहिणी के रूप में एक में अपना किरदार निभाती दिखेंगी। फिल्म का ट्रेलर गुरुवार को मुंबई के जुहू इलाके में एक पांच सितारा होटेल में मीडिया के सामने जारी किया गया। फिल्म माधुरी दीक्षित को एक जटिल और निडर अवतार में प्रस्तुत करती है। फिल्म में अपने हिस्से के बारे में बात करते हुए, अभिनेत्री ने एक बयान में कहा कि वह फिल्म का हिस्सा बनने के लिए रोमांचित हैं। यह जटिल बारीकियों वाली भूमिका है जिसे मैंने पहले कभी नहीं निभाया है। उन्होंने उपस्थित मीडिया से कहा, मजा मा के साथ, मैं जिस चीज को लेकर सबसे ज्यादा उत्साहित हूं, वह है मेरा कैरेक्टर। यह जटिल बारीकियों के साथ एक भूमिका है जिसे मैंने पहले कभी नहीं निभाया है। ऐसा पहली बार होगा जब माधुरी गरबा की थाप पर डांस करती नजर आएंगी। फिल्म में गजराज राव, ऋत्विक भौमिक, बरखा सिंह, सृष्टि श्रीवास्तव, रजित कपूर, सिमोन सिंह, शीबा चड्ढा, मल्हार ठाकर और निनाद कामत भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

# रोहित शर्मा निर्णायक मुकाबले से ऋषभ पंत को कर सकते हैं बाहर



**नई दिल्ली एजेंसी।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीन मैच की टी20 सीरीज का दूसरा और निर्णायक मुकाबला हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला जाना है। इस मैच में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा एक बार फिर प्लेइंग इलेवन में बदलाव कर सकते हैं। सीरीज का दूसरा मुकाबला नागपुर में खेला गया था। बारिश से बाधित यह मैच मात्र 8-8 ओवर का हुआ था जहां टीम इंडिया ने 6 विकेट से जीत दर्ज की थी। ओवर कम होने की वजह से रोहित शर्मा ने इस मैच में एक गेंदबाज कम खिलाकर प्लेइंग इलेवन में ऋषभ पंत को जगह दी थी, मगर हैदराबाद में हो सकता है कि रोहित एक बार फिर 5 गेंदबाजों के साथ मैदान पर उतरें। नागपुर टी20 में भारत जसप्रीत बुमराह, हर्षल पटेल, अक्षर पटेल और युजवेंद्र चहल के रूप में चार गेंदबाज लेकर मैदान पर उतरा था। वहीं हार्दिक पांड्या टीम में ऑलराउंडर की भूमिका निभाते हैं। रोहित शर्मा निर्णायक मैच में रिस्क नहीं लेना चाहेंगे और उनकी कोशिश हार्दिक पांड्या समेत कुल 6 गेंदबाजों के साथ मैदान पर उतरनी होगी। अगर वह एक अतिरिक्त गेंदबाज खिलाते हैं तो ऋषभ पंत का टीम से बाहर होना तय है।

# 'केटीना' को लेकर एक दिलचस्प अपडेट सामने आया

### बॉलीवुड प्रोड्यूसर एकता कपूर का अपकमिंग प्रोजेक्ट है

**मुंबई, ईएमएस।** बॉलीवुड प्रोड्यूसर एकता कपूर की अपकमिंग प्रोजेक्ट 'केटीना' को लेकर अपडेट सामने आया है। जानकारी के अनुसार, एकता कपूर के इस भारी भरकम पेंडिंग प्रोजेक्ट में दिशा नहीं दिखाई देंगी। वहीं कास्ट के सलेक्शन के बाद से इस पर काम शुरू कर दिया जाएगा। अब 'केटीना' से संबंधित अपडेस की बात करें तो, पिंकविला की एक रिपोर्ट में बताया गया है कि प्रोजेक्ट के निर्माताओं ने 'केटीना' पर फिर से काम करने का फैसला किया है। आपको बता दें कि पहले ऐसी अफवाहें थीं कि एकता कपूरने इस पर काम नहीं करेंगी और इस तरह यह फिल्म ठंडे बस्ते में जा चुकी हैं। हालांकि अब ताजा अपडेट पर गौर करें तो निर्माताओं ने इस परियोजना को पुनर्जीवित करने का फैसला किया है क्योंकि यह एकता के लिए एक स्पेशल फिल्म है।रिपोर्ट में ये दावा किया गया है कि भले ही निर्माताओं ने इस पर काम करने का मन बना लिया है



लेकिन इस प्रोजेक्ट में अब दिशा पाटनी दिखाई नहीं देंगी। एकता कपूर द्वारा निर्मित इस फिल्म का निर्देशन राज शांडिलिया करेंगे। वहीं अब फिल्म में दिशा की जगह अब अनन्या पांडे और नुसरत भरुचा फिल्म की टीम ने अप्रोच किया है। फिल्म की स्टारकास्ट फाइनल होने के बाद इस पर काम शुरू कर दिया जाएगा। बता दें कि एकता कपूर ने 2019 में दिशा पाटनी के साथ इस 'केटीना' की घोषणा की थी। इसका ऐलान करते हुए प्रोड्यूसलर ने एक वीडियो शेयर किया था, जिसमें वह कई अंगूठियां पहने हुए नजर आ रही थीं और उन्होंने कहा था कि ये सब उन्हें एक ज्योतिषी ने बताया था।अपने और भी प्रोजेक्ट की तरह एकता ने इस प्रोजेक्ट्स का भी नाम 'के' से शुरू शब्द को चुना और इसका नाम 'केटीना' रखा।

# 'छेलो शो' पर इस फिल्म से प्रेरित होने के आरोप, चयन प्रक्रिया केंद्र को सौंपने की मांग

मुंबई ईएमएस। निर्देशक पैन नलिन की गुजराती फिल्म 'छेलो शो' ( द लास्ट शो ) को अगले साल होने वाले ऑस्कर पुरस्कार समारोह में भारत की तरफ से आधिकारिक प्रविष्टि के रूप में भेजने पर विवाद हो गया है। फेडरेशन ऑफ वेस्टर्न इंडिया सिने एम्प्लॉइज ( एफडब्लूआईसीई ) ने इस फिल्म को न सिर्फ एक विदेशी फिल्म बताया है बल्कि इसे एक अन्य विदेशी फिल्म 'सिनेमा पैराडिसो' की नकल भी बताया है। वहीं, ये पूरी प्रक्रिया संचालित करने वाली फिल्म फेडरेशन ऑफ इंडिया ( एफएफआई ) ने चयन प्रक्रिया को बिल्कुल दुरुस्त बताया है। लेकिन, एफएफआई के फिल्म 'छेलो शो' को 'सिनेमा पैराडिसो' से प्रेरित होने की संभावना भी जता देने से ये फिल्म ऑस्कर चयन के पहले ही दौर से बाहर हो सकती है।



### विदेशी फिल्म से प्रेरित फिल्म

ऑस्कर पुरस्कारों के लिए सबसे बड़ी कसौटी फिल्म की यही होती है कि फिल्म का विचार मूल होना चाहिए और पुरस्कारों के लिए प्रतियोगिता में शामिल हो रही कोई भी फिल्म किसी दूसरी फिल्म की न तो नकल होनी चाहिए और न ही किसी दूसरी फिल्म से प्रेरित होनी चाहिए। इसी के चलते हिंदी फिल्म 'गली बॉय' को स्क्रूटनी में ही बाहर कर दिया गया था क्योंकि इसे अंग्रेजी फिल्म '8एमएम' से प्रेरित माना गया था। यही गलती ऑस्कर के लिए फिल्म चुनने वाली फिल्म फेडरेशन ऑफ इंडिया की ज्यूरी ने इस बार भी कर दी लगती है। एफडब्लूआईसीई ने इस बारे में सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर को एक पत्र लिखकर फिल्म के चयन में हुई कथित अनियमितताओं की शिकायत की है।

### विदेशी कंपनी की बनाई फिल्म

शिकायत के मुताबिक फिल्म 'छेलो शो' न सिर्फ एक विदेशी कंपनी की बनाई फिल्म है बल्कि इसका प्रदर्शन बीते साल ही हो चुका है। विकिपीडिया पर भी फिल्म के ट्रिबेका फिल्म फेस्टिवल में पहले प्रदर्शन की तारीख 10 जून 2021 लिखी है। एफडब्लूआईसीई का आरोप ये भी है कि ये फिल्म विदेशी फिल्म 'सिनेमा पैराडिसो' से प्रेरित है। इन आरोपों पर एफएफआई के अध्यक्ष टी पी अग्रवाल ने अपनी प्रतिक्रिया शनिवार को जाहिर की। अग्रवाल ने ज्यूरी के फैसले को सही बताया है। हालांकि, उन्होंने ये भी कहा कि फिल्म 'छेलो शो' कथित फिल्म की नकल नहीं है, हां उससे प्रेरित हो सकती है।

### किशोर के सुनहरे सपनों की कहानी

गौरतलब है कि फिल्म फेडरेशन ऑफ इंडिया की ज्यूरी हर साल देश की सारी भाषाओं की चुनिंदा फिल्मों में से किसी एक फिल्म को ऑस्कर पुरस्कार समारोह में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए भेजती है। इस साल ज्यूरी ने निर्देशक पैन नलिन की फिल्म 'छेलो शो' को भारत की आधिकारिक प्रविष्टि के रूप में चुना है। ये फिल्म एक किशोर के सिल्वर स्क्रीन के सपनों की कहानी कहती है। बीते साल अक्तूबर में इस फिल्म को वालाडोलिड इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में सर्वश्रेष्ठ फिल्म का गोल्ड स्पाइक अवार्ड मिल चुका है।

## इलाज दौरान महिला की मौत

**कटनी,यशभारत।** कुठला थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बड़गांव निवासी एक महिला की इलाज दौरान मौत हो गई है। जानकारी के अनुसार उर्मिला बाई पति किरण कुमार भुमिया (34) निवासी ग्राम बड़ागांव की अस्पताल मे इलाज दौरान मौत हो गई है। सहायक उप निरीक्षक भूपेन्द्र अग्निहोत्री ने बताया कि शव का पीएम कराते हुए मर्ग कायम कर मामले की जांच की जा रही है।

# जगत जननी की आराधना के लिए कल से उमड़ेगा आस्था का सैलाब

### मंदिरों में चली साफ-सफाई, बाजार में भी रही चहल-पहल, प्रमुख शक्तिपीठ जालपा मढ़िया, शीतला माता मंदिर, शारदा मंदिर में होगी विशेष पूजा

कटनी,यशभारत। जगत जननी आदि शक्ति की आराधना का महापर्व नवरात्र 26 सितंबर से शुरू हो रहा है। इसकी तैयारी उपासकों द्वारा पूरी कर ली गई हैं। मंदिरों की सफाई का काम पूरा हो गया है। वहीं घरों में भी महिलाएं दिन भर सफाई में जुटी रहीं। मंदिर के आसपास की फल व पूजन सामग्री की दुकानें सज गई हैं। देर रात तक बाजार गुलजार रहे। शहर के सबसे प्रसिद्ध शक्तिपीठ में मां जालपा मढ़िया में विशेष तैयारी हुई। कल से अल सुबह से मां को जल ढारने और पूजन को श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ेगी। शक्ति की अधिष्ठात्री भगवती मां दुर्गा की उपासना-आराधना का महापर्व शारदेय नवरात्र आश्विन शुक्ल मास की प्रतिपदा से नवमी तिथि तक मनाया जाएगा। इस बार शारदेय नवरात्र संपूर्ण नौ दिनों की होगी। प्रमुख मंदिरों व स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था भी चौकस रहेगी। इसके अलावा शहर के शीतला माता मंदिर नई बस्ती, काली मंदिर नई बस्ती आदि शक्ति मंदिर कुठला, गाटरघाट, भूमि प्रकट शारदा मंदिर बरगवां, विश्राम बाबा सहित ग्रामीण क्षेत्र के मंदिर और देवालयों में विशेष तैयारियों का दौर चला।



#### मूर्तियों को ले जाने का सिलसिला दिनभर चला

नवरात्र में माता की प्रतिमा स्थापना कर विशेष अराधना की जाती है। शहर में बाहर से आए मूर्तिकारों द्वारा बनाई गई मूर्तियों को ले जाने का सिलसिला दिनभर चला। बरही रोड स्थित प्रेम रामायण समाज भवन, बस स्टैंड, घंटाघर, खिरहनी, कुठला, बिलहरी रोड, बस स्टैंड सहित अन्य स्थानों से मूर्तिया शहर, ग्रामीण क्षेत्र सहित अन्य क्षेत्रों के लिए रवाना हो रही हैं। ट्रेनों से भी मातारानी को भक्त ले जा रहे हैं।



#### नारी शक्ति गढ़ रही शक्ति का रूप

बिलहरी मोड़ में कुम्हार परिवार कई वर्षो से प्रतिमाएं बना रहे हैं। यहां पर शक्तियां महिलाएं मां शक्ति को तैयार कर रही हैं। पार्वती चक्रवर्ती, नीलम चक्रवर्ती पिता अश्वनी से कलाकारी सीखकर दुर्गा प्रतिमाएं तैयार कर रही हैं। अश्वनी ने बताया कि पुस्तैनी कारोबार कर रहे हैं। बाबूलाल मूर्तिकार से प्रतिमाएं बनाने का हुनर सीखा और अब इसी से पूरे परिवार का भरण-पोषण कर रहे हैं।

## बेटे ने किशोरी का अपहरण कर किया बलात्कार, अपराध छिपाने पर पिता को 10 वर्ष का सश्रम कारावास

**कटनी,यशभारत।** विशेष न्यायाधीश पॉक्से की अदालत ने थाना ढीमरखेड़ा क्षेत्र में बेटे द्वारा एक किशोरी के अपहरण व उसके साथ किए गए बलात्कार के मामले को छिपाने के मामले में 10 साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। दुष्कर्म के अपराध में सहायता कर दुष्प्रेरण का अपराध प्रमाणित पाते हुए



धारा 368 में 3 वर्ष का सश्रम कारावास एवं एक हजार रुपए का जुर्मानाए धारा 376 (2) एन, धारा 376 (2) आई में 10-10 वर्ष का सश्रम कारावास, तीन.तीन हजार रुपए जुर्माने से दण्डित किया गया है। मामले में अभियोजन की ओर से नविता पिल्लै विशेष लोक अभियोजक पॉक्सो ने पैरवी की। जानकारी के अनुसार 26 जनवरी 2013 को किशोरी स्कूल से घर वापिस आ रही थीए तभी रिंकू उर्फ शिवकुमार मिला। उसे बहला-फुसलाकर शादी का कहकर अपहरण कर इंदौर ले गया। यहां से सूरत ले गया और फिर मंदिर में शादी की। उसके साथ दुष्कर्म किया। उसको एक बच्ची हुई जो दो दिन बाद खत्म हो गई। किशोरी को आरोपी ने अपहरण कर लाया गया था और उसे घर में छिपाकर रखा गया था।

#### पिता को थी पूरे मामले की जानकारी

इस पूरे मामले की जानकारी आरोपी रिंकू के पिता आरोपी त्रिलोकी उर्फ त्रिलोक को थी। पीड़िता के पिता के रिपोर्ट पर पर थाना ढीमरखेडा ने धारा 363, 366, 368, 376 एवं 5-6 पॉक्सो, अधिनियम प्रकरण पंजीबद्ध कर प्रकरण विवेचना में लिया। विवेचना उपरांत आरोपी त्रिलोक उर्फत्रिलोकी के विरूद्ध अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। रिंकू उर्फशिवकुमार को फरार घोषित किया गया। प्रकरण में विचारण उपरांत विशेष न्यायाधीश पॉक्सो ने आरोपी त्रिलोक को दोषी पाया है।

## सराफा बाजार में करंट लगने से बंदर घायल



**कटनी,यशभारत।** शहर में अधिकांश जगहों पर बिजली के खंभों में व स्टे वायर में करंट से आए दिन हादसे हो रहे हैं। मवेशी, बंदरों को करंट लग रहा है, इसके अलावा मकड़जाल के कारण आए दिन शॉर्ट-सर्किट की समस्या हो रही है। मनोज बाझल ने बताया कि बिजली के तार और डिस्क की लाइन पड़ी हुई है जो आपस में उलझी हैं। आए दिन करंट प्रवाहित होने से दुर्घटनाएं होती रहती हैं। रघुनाथगंज स्थित घंटाघर सराफा बाजार में बिजली के तार से बंदर को करंट लगने से नीचे गिर गया जो गंभीर रूप से घायल हो गया है। रघुनाथगंज, सुक्खन चौक एरिया सहित कई जगह समस्या है।

### बरही में मजिस्ट्रेट ने पांच ओवरलोड डंपर व हाइवा पर की कार्रवाई, थाना परिसर व तहसील में खड़े कराए वाहन

# बरही में फिर वाहनों की चैकिंग ओवरलोड हाइवा जब्त





**कटनी,यशभारत।** सत्ताधारी दल के नेता के पुत्र के वाहनों पर मजिस्ट्रेट जांच में लगातार कार्रवाई के बाद भी सुधार न होने से पुलिस और जिला प्रशासन की भूमिका पर सवाल खड़े हो रहे हैं। रसूखदार नेता के वाहनों को रोककर जांच करने हिम्मत दोनों ही विभाग नहीं कर पा रहे हैं। बरही में एक बार फिर मजिस्ट्रेट जांच में भाजपा जिलाध्यक्ष रामरतन पायल के पुत्र संदीप पायल का हाइवा वाहन जब्त किया गया। इस हाइवा के साथ चार अन्य डंपर भी जब्त किए गए। बरही व्यवहार न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा शुक्रवार देरशाम बस स्टैंड क्षेत्र में रेत और गिट्टी से ओवरलोड वाहनों पर कार्रवाई की गई। मौके पर वाहन क्रमांक एमपी 21 एच 2412, यूपी 96 टी 4061, एमपी 20 एचबी 3819, एमपी 19 एच 2466 व जेएच 02 एवाइ 4430 को जब्त करते हुए तहसील व बरही थाना परिसर में खड़ा करवाया गया।

#### 7 दिन पूर्व भी जब्त हुआ था हाइवा

बरही में 7 दिन पूर्व 17 सितंबर को मजिस्ट्रेट द्वारा कार्रवाई करते हुए जिलाध्यक्ष के पुत्र संदीप पायल का हाइवा वाहन गिट्टी से ओवरलोड होने के कारण जब्त किया गया था। इससे पूर्व 14 जून को भी एक वाहन जब्त हो चुका है।

## नान कर्मचारी का कुठला तालाब में मिला शव

**कटनी,यशभारत।** नागरिक आपूर्ति निगम के कर्मचारी का शव कुठला थाना क्षेत्र के तालाब में मिला है। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मर्ग कायम करते हुए मामले को जांच में लिया है। जानकारी के अनुसार राज पैलेस के पीछे तालाब में नागरिक आपूर्ति निगम के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी नरेंद्र जोशी का शव तालाब के किनारे मिला है। शव का आधा हिस्सा तालाब में व आधा बाहर मिला है। युवक की मौत पानी में डूबने से नहीं हुई है। हार्टअटैक की आशंका जताई जा रही है। बताया जा रहा है कि युवक सुबह 8 बजे घर से निकला था। थाना प्रभारी रोहित डोंगरे ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पीएम कराते हुए मर्ग कायम कर मामले की जांच की जा रही है।

# बिना हस्ताक्षर कोषालय ने राशि आहरण कर लिपिक के खाते में कराई जमा

### पशुपालन एंव डेयरी विभाग के उपसंचालक ने लिपिक पर एफआइआर दर्ज करने माधवनगर थाने में की शिकायत

**कोषालय की भूमिका बताई संदिग्ध, कर्मचारी स्वत्यों में 8.60 लाख रुपए की धोखाधड़ी का मामला**

कटनी,यशभारत। पशुपालन एवं डेयरी विभाग में पदस्थ कर्मचारियों के एरियर्स, जीपीएफ सहित अन्य स्वत्यों के लाखों रुपए का भुगतान धोखाधड़ी व जालसाजी कर अपने व्यक्तिगत खाते में कराने वाले लिपिक पर एफआइआर दर्ज की जाएगी। लिपिक आलोक चौरसिया के खिलाफएफआइआर दर्ज करने विभाग के उपसंचालक आरके सिंह ने माधवनगर थाना में पत्र दिया है। उपसंचालक ने पुलिस को दिए पत्र में कोषालय की भूमिका पर सवाल खड़े करते हुए मिलीभगत करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा है कि लिपिक चौरसिया द्वारा मेरे फर्जी हस्ताक्षर कर राशि का आहरण कोषालय कटनी की मिलीभगत से किया गया हैए जिसकी जांच किया जाना जरूरी है। उन्होंने बताया कि एक टीए बिल की राशि 8 हजार 650 रुपए में मेरे हस्ताक्षर नहीं थे फिर भी कोषालय कटनी द्वारा राशि का आहरण कर लिपिक के व्यक्तिगत खाते में जमा की गई है।

#### कोषालय अधिकारी ने कहा-आरोप निराधार

इस पूरे मामले को लेकर जिला कोषालय अधिकारी एबी भदौरिया ने बताया कि कोषालय की मिलीभगत के आरोप निराधार है। कोषालय द्वारा देयकों का भुगतान किए जाने के पूर्व संबंधित विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रदान की गई आइडी के माध्यम से बिलों को जनरेट और स्वीकृत कर कार्रवाई के लिए कोषालय को प्रस्तुत किया जाता है।

#### बगैर सूचना गायब हो गया लिपिक

धोखाधड़ी का खुलासा होने के साथ ही लिपिक चौरसिया गायब हो गया है। लिपिक 17 से कार्यालय नहीं पहुंचा है। अफसरों ने बताया कि लिपिक को फोन करने पर पश्चिम बंगाल की एक महिला फोन उठा रही है।

#### ये है मामला


माधवनगर पुलिस को दिए पत्र में आरके सिंह ने बताया है कि कार्यालय में पदस्थ सहायक ग्रेड-3 आलोक चौरसिया ने पांच कर्मचारियों के स्वत्यों की राशि 8 लाख 60 हजार 340 रुपए की राशि अधोहस्ताक्षरी के फर्जी हस्ताक्षर एवं जालसाजी कर अपने व्यक्तिगत खाते में जमा कर ली है। यह कृत्य शासकीय धन की हानि व गंभीर अनियमितता का है। इस अनियमितता की जानकारी लगने पर लिपिक आलोक चौरसिया को निलंबित कर दिया गया है।

#### इनका कहना है

पशुपालन एवं डेयरी विभाग उपसंचालक आरके सिंह द्वारा लिपिक आलोक चौरसिया के खिलाफ एफआइआर दर्ज करने आवेदन दिया गया है। मामले की जांच की जा रही है। प्रकरण में कार्रवाई की जाएगी।

**– विजय विश्वकर्मा,** थाना प्रभारी माधवनगर

**प्रथम पुण्यस्मरण 25.09.2022**



**स्व. पं. बृजभूषण प्रसाद दुबे**

*आज आपको गए एक वर्ष बीत गया, पर लगता है आप हमारे साथ सदैव हैं, आपकी पुण्य आत्मा को सादर नमन*

शोकाकुल- श्रीमती सुशीला देवी दुबे, श्री विपिन दुबे, पंडित श्री सुनील दुबे, मो. 9425161016, 9179637298

## विजयराघवगढ़ से लापता महिला का महानदी में मिला शव

### बरही पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पीएम के लिए पहुंचाया अस्पताल

**कटनी,यशभारत।** विजयराघवगढ़ थाना क्षेत्र से दो दिन से लापता महिला का शव शनिवार को बरही थाना क्षेत्र में कुटेश्वर महानदी में मिला है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची बरही पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। बरही पुलिस ने बताया कि विजयराघवगढ़ निवासी खुशबू नामदेव दो दिनों से लापता था। परिजनों द्वारा विजयराघवगढ़ थाना में गुमइंसान दर्ज कराया गया था। शनिवार को महिला का शव नदी में उतराता पाया गया है। दूसरी ओर अस्पताल पहुंचे मृतिका के मायके पक्ष के लोगों ने हत्या किए जाने का आरोप लगाया है। परिजनों ने बताया कि छह माह पूर्व ही खुशबू का विवाह हुआ था।



## ट्रेन से गिरे युवक का पैर कटा

**कटनी,यशभारत।** शक्तिपुंज एक्सप्रेस में यात्रा के दौरान गुटखा खाकर ट्रेन की गेट से थूकना भारी पड़ गया है। ट्रेन से गिरने के कारण युवक का न सिर्फ एक पैर कट गया है बल्कि वह गंभीर रूप से घायल है। जानकारी के अनुसार ब्योहारी निवासी रोशन वाधवानी स्टेशन के आउटर में गुटखा खाकर थूकने के लिए गेट पर गया था। एनकेजे डीजल शेड के पास गुटखा थूकते समय अनियंत्रित होकर गिर गया और ट्रेन की चपेट में आ गया। इस हादसे में युवक का एक पैर कट गया है। युवक को गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उपचार जारी है। वहीं इस हादसे के बाद से गुटखा खाकर रेल में यात्रा के दौरान ऐसी गलती करने वालों को बड़ा सबक लेना चाहिए।

लकवा एवं वात रोग विशेषज्ञ

**डॉ. देबनाथ**

लकवा, वात रोग, गठिया, हड्डियों जोड़ों का दर्द एवं सूजन कमर दर्द, घुटना, कंधा दर्द, सायटिका अर्थराइटिस का इलाज किया जाता है।

पता- शहीद द्वार नई बस्ती, कटनी
मो. 9826154533
नोट-28 वर्षों से आपके सेवा में उपस्थित।

**प्लाट बिकाऊ हैं**

राय कॉलोनी, शांतिनगर, बारह बंगला एवं समदड़िया सिटी के पास प्लाट बिकाऊ हैं।

रेट 1000/- से 1200/- तक

अधिक जानकारी हेतु संपर्क करें - मो. 9993705740









वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ

**डॉ. अशोक चौदहा**

एम.बी.बी.एस.डी.सी.एच.

क्लीनिक- राष्ट्रीय स्कूल के पास, घंटाघर रोड, कटनी समय-10.30 से 3 बजे तक

निवास- डन कॉलोनी बरगवां, कटनी
मरीज देखने का समय सुबह 9 बजे से 10 बजे तक सायं 6.30 से रात्रि 8 बजे तक
मो. 9893723087, 8319994375

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा जनपक्ष प्रिंटिंग एवं पब्लिशिंग, गोपालबाग जबलपुर-2 से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/22-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)